# डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक, दिए निर्देश

**▸ जिलाधिकारी ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश, राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराएं पूरा**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

**लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें- डीएमः** डीएम ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे।

# प्रशिक्षण में दिए मतदान के टिप्स, डीएम ने निरीक्षण कर समझाईं बारीकियां

**▸ मतदानकर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना न करना पड़ेः डीएम**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद पलियाकला के अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया।

बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धर्म सभा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएम ने मतदान कर्मियों को मतदान से जुड़े टिप्स देते हुए वोटिंग की बारीकियां समझाई। मतदान कर्मियों से सवाल पूछने के साथ ही उन्हें पूरी प्रक्रिया भी समझाई। डीएम ने अलग-अलग मतदान कार्मिकों से मतदान दिवस के दिन उनके कार्यों व दायित्वों के संबंध में जानकारी लेते हुए जाना कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक कितने संजीदा हैं। मतदान संबंधी कई प्रश्न पूछते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी परखा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षण रूम में कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आई। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा, प्रवक्ता धर्म सभा इंटर कॉलेज बृजेश वर्मा, अनुदेशक आईटीआई भारत भूषण मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

# बारात से घर वापस जा रहे दूल्हे के चचेरे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के लखीमपुर बेहजम मार्ग पर पुलिस पिकेट लीलाकुआं के पास कार और ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर हो गई जिससे कार सवार दूल्हे के भाई की मौत हो गई। जबकि कार चालक मामूली रूप से घायल हुआ है। घटना मंगलवार की देर रात की है। पुलिस के मुताबिक कार चालक ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर है।

बीते मंगलवार की रात को शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव पतरासी से फरधान थाना क्षेत्र के गांव कोढ़ैय्या में बारात आई थी। कोढ़ैय्या निवासी अनिल जायसवाल के घर बारात लेकर आए दूल्हे के चचेरे भाई मोहित जायसवाल रात को खाना खाने के बाद रात करीब साढ़े दस बजे वापस घर को जा रहें थे। बताते है कार में चालक समेत दो लोग सवार थे। लखीमपुर बेहजम मार्ग पर पहुंचने पर ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से कार की जोरदार टक्कर हो गई। कार में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। दूल्हा राजन जायसवाल के चचेरे भाई मोहित जायसवाल पुत्र रमेश जायसवाल 22 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। दूल्हे के चाचा रमाकांत जायसवाल ने बताया कि उनका भतीजा मोहित खाना खाकर बारात से वापस जा रहा था। रास्ते में ही दुर्घटना हो गई। जिसमें मोहित की मौके पर हीं मौत हो गई थी जबकि कार चालक आशीष कुमार मामूली रूप से घायल हो गया था। बताते है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के चिथड़े उड़ गए। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया परिजन मोहित को लेकर चले गए थे। दुर्घटना ग्रस्त कार कब्जे में है। ट्रैक्टर ट्राली का पता नहीं चल सका है।

# कंटेनर में फंसे एचटी लाइन के तार, तीन खंभे टूटे, कई क्षतिग्रस्त

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया कस्बे में बनकागॉव रोड पर दोपहर लगभग 1:00 बजे कंटेनर चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा होते-होते बचा। जानकारी के मुताबिक कंटेनर चालक कंटेनर लेकर बनकागॉव की ओर से आ रहा था। उचौलिया जिला सहकारी बैंक के पास विद्युत लाइन का तार कंटेनर की बॉडी में फस गया जिसके बाद कंटेनर चालक ने लापरवाही करते हुए कंटेनर को आगे बढ़ा दिया जिससे तार खिचने के कारण तीन खंभे टूट गए और कई खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मोहल्ले वासियों ने बताया है कि कंटेनर चालक की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा होते-होते बचा और पूरे मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति भी ठप है।



# गांधी स्मारक विद्यालय में मनी गीता जयंती

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर।** गाँधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गीता जयंती मनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक अभिषेक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती मनाई जाती है। भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को 700 श्लोकों से सुसज्जित गीता उपदेश प्रदान कर धर्मयुद्ध महाभारत के लिए मानसिक रूप से तैयार किया था। भगवत गीता आधुनिक युग में भी प्रासंगिक है। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया कि गीता हमें निष्काम कर्म के लिए प्रेरित करते हुए आत्मा तत्व की वास्तविकता से परिचित कराती है। इसमें धर्म, योग, भक्ति, जीवन जैसे तत्वों की सुंदर व्याख्या की गई है। विश्व के तमाम देशों में भगवत गीता लोगों का मार्गदर्शन करती है।

## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अजान स्थित रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कालेज में आज पूर्वाह्न 11 से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा के द्वारा लगवाया जा रहा है। जिसमें किड्स केयर लखीमपुर खीरी के विशेषज्ञ डॉ. नेहा गुप्ता व डॉ. पवन वर्मा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, जाँच, सलाह व जरूरतमंदो को दवाईयां प्रदान की जायेगी। संदीप वर्मा ने क्षेत्रवासियों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठाने की अपील की।

# बकाया गन्ना भुगतान दिलाने की मांग, गन्ना पत्ती को जलाने पर लगी रोक हटाई जाए

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर।** किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू अमन संधू गुट ने गन्ना आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर निराकरण कराने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने कहा है कि किसानों का गत वर्ष व वर्तमान सत्र का बकाया गन्ना भुगतान न होने के कारण गन्ना किसान विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। जिनका तत्काल भुगतान कराया जाये। सहकारी गन्ना विकास समिति किसानों को खाद उपलब्ध कराती है। जिसका पैसा चीनी मिल पर बकाया धनराशि में काट लिया जाता है। जबकि चीनी मिल समय से भुगतान नहीं कर रही है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने में किसानों को सात से आठ हजार नकद मजदूरी और डीजल में खर्च करना पड़ता है। जिससे किसान चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने में भी और कर्जदार हो रहे हैं। दूसरी तरफ गन्ना पत्ती जलने पर रोक लगाई गई है जबकि गन्ने की पत्ती अत्यंत ज्वलनशील होती है जो धुआं और प्रदूषण नहीं करती, गन्ना पत्ती जलाने से रोक हटाई जाए। वर्तमान समय में गन्ने की लागत बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है गन्ना छिलाई के लिए मजदूर भी नहीं मिल रहे जो काफी महंगे दामों में कार्य कर रहे हैं। इसलिए महंगाई को देखते हुए गन्ना मूल्य कम से कम 5 सौ रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए। इस मौके पर यशपाल सिंह भदौरिया, मनदीप सिंह, राजकिशोर आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ-डीएफए मऊ के बीच खेला गया दूसरा सेमीफाइनल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविन्द गिरी जी की स्मृति में आयोजित आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का सातवां दिन सातवें दिन टूर्नामेंट का दूसरा और अंतिम सेमीफाइनल मैच स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ और डीएफए मऊ के मध्य खेला गया जिसमें स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ 1-0 से विजय रही इस मैच में अथिति के रूप में श्री विजय शुक्ला रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् गोला सर बृज किशोर जी डायरेक्टर गन्ना समिति गोला द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया।



उपस्थित रहे टूर्नामेंट आयोजक अमन गिरी (विधायक गोला) उपाध्यक्ष टूर्नामेंट कमेटी मदुसूदन गिरी पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी (शब्बू ) कफील अहमद भोली गिरी रामेन्द्र गिरी, जरनैल सिंह राजू रावत राम रछपाल, पंकज तिवारी, के के शुक्ला, रामगुलाम पांडेय, गजराज वर्मा, राजेस्वर सिंह, कमाल अफसर मनोज अय्यूब खान पूर्व सभासद रामू तिवारी व अन्य सम्मानित सभी लोग उपस्थित रहे। कमेंट्री -हाजी अकील अहमद व ज्ञानेंद्र गिरी (गप्पी ) द्वारा की गयी। आज टूर्नामेंट का फाइनल मैच समय 01:00 बजे से खेला जायेंगा जिसमे के एस डव्लू एफ सी मणिपुर ओर स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के मध्य खेला जायेगा।

# विकास के लिए पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर से मिले प्रधान खैरिगढ़ सुखदेव सिंह

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ और भी बेहतर बनाने के लिए विकास कार्यों मे और भी वृद्धि लाने के लिए राज्य मंत्री के दरबार पहुंचे खैरिगढ़ प्रधान सुखदेव सिंह पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मुलाक़ात की। ग्राम पंचायत के विकास कार्य व 14 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पंचायती राज्य मंत्री कमलेश राजभर ने ग्राम पंचायत को सुंदरीकरण करने के लिए आश्वासन दिया।

## सर्दी शुरू होते ही क्षेत्र में चोरों ने दी दस्तक

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग राजा साहब की कोठी के पास राजानगर में बने मंदिर के आगे लगे गेट पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सुबह उठने पर मंदिर के कर्मचारियों ने देखा तो मंदिर से गेट गायब थे। जिसके बाद इसकी सूचना थाने में दी गई है। घटना दो दिन पूर्व रात की है। कोठी के कर्मचारियों के मुताबिक लोहे के गेट मजबूत होलफास से जड़े हुए थे। राजा नगर में ही कुछ दिन पूर्व चोरों ने 3 लिप्टिस के पेड़ों को भी रात में काट लिया था।

# प्रशासन के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ कागज न दिखवाएं तो खाली कराई जाएगी जमीन**
**▸ जमीन से दबंगों का कब्जा हटवाने को लेकर दलित युवक ने शुरू किया था अमरण अनशन**

प्रशासन के आश्वासन के बाद दलित ने आमरण अनशन स्थगित कर दिया है। जिन लोगों ने जमीन पर कब्जा कर रखा है उनसे कागजात तलब किए गए हैं।

जमीन से दबंगों का कब्जा हटवाने में नाकाम रहने पर एक दलित युवक ने सदर चौराहे पर इन्द्रा पार्क में अमरण अनशन शुरू किया था, प्रशासन ने तीन दिन का समय मांगा है। दलित का कहना था कि दबंगों से मेरी जमीन छुड़ा दीजिए और मेरी जान बचा लीजिए। एसडीएम ने धरना स्थल पर पहुंच वार्ता कर उसे समझाया था। बुधवार को कोतवाली में वार्ता की गई और फिर मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश कराई गई। जिन लोगों के कब्जे पाए गए हैं उनसे तीन दिन में कागजात दिखाने को कहा गया है। शहर के मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी दलित पवन प्रभाकर ने मंगलवार को इंदिरा पार्क में अमरण अनशन शुरू किया था।उनका कहना है कि उनकी मां के नाम गोला बाहर जमीन है। जिस पर पिछले छह माह से दबंगों ने कब्जा कर रखा है। दबंग जो कागजात दिखा रहे हैं वह किसी दूसरे गाटे के हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, पर सुनवाई नहीं हुई। बुधवार एसडीएम की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई गई और मौके पर टीम भेज कर जमीन की पैमाइश कराई गई है उसमें कुछ लोगों के कब्जे पाए गए हैं। जिनसे कागजात दिखाने को कहा गया है। जिस पर पवन प्रभाकर सहमत तो हो गए और आंदोलन स्थगित कर दिया है।

एसडीएम विनोद गुप्ता का कहना है कि जिन लोगों के कब्जे पाए गए हैं उनसे कागजात मांगे गए हैं। कागजात देखकर निर्णय लिया जाएगा।

# सीडीओ ने विकास भवन के दफ्तरों का किया निरीक्षण, हड़कंप

**▸ निरीक्षण में नदारत मिले 15 कार्मिक, सीडीओ अभिषेक कुमार ने रोका वेतन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार की सुबह करीब 10.05 बजे सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के ऑफिसों में छापा मार दिया। कर्मचारी बगैर सूचना के गायब मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में गायब मिले सभी 15 कार्मिकों का वेतन रोका दिया।

बुधवार को सुबह 10.05 बजे सीडीओ ने डीडीओ ऑफिस से जांच की शुरूआत की। सीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर मंगा लिए। मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को बुलाकर मिलान किया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दफ्तर के कार्मिक भूपराम राना, सैय्यद साद, शिवनन्दन भारती, अजय कुमार, सुशील कुमार, श्रीमती एकता सिंह गायब मिली। वही जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय के कार्मिक डा. मंजू दीक्षित, श्रीमती नीति शर्मा, प्रवीन कुमार, सीवीओ दफ्तर के कनिष्क सहायक रजत प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) से वसूली सहायक अजय शुक्ला अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा.अ.वि. दफ्तर के पत्रवाहक राम सुफल, डीडीओ दफ्तर से प्रधान सहायक उस्मान खाँ, पत्रवाहक कृष्ण प्रताप सिंह और परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास दफ्तर की पत्रवाहक श्रीमती गौरी अनुपस्थित पाई गई। बगैर सूचना के गायब सभी 15 कार्मिकों को वेतन रोक दिया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यों को भी देखा। औचक निरीक्षण से विकास भवन में हड़कंप मच गया।



# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीराम लीला मेला नंदीश्वर बाबा के मंच पर मंगलवार को स्व. विनोद गुप्ता पत्रकार की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।



नगर पंचायत निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान के ग्राउंड में आयोजित हुए इस कवि सम्मेलन में नामी-गिरामी कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए मध्य रात्रि तक तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया, रात्रि साढ़े नौ बजे मां सरस्वती की वाणी वंदना से शुरू हुआ कवि सम्मेलन रात्रि डेढ़ बजे तक चलता रहा। कवि सम्मेलन की गौरवशाली अध्यक्षता डाक्टर आर.एन. दास ने की। कवियत्री रंजना सिंह हया की वाणी वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की,मात शारदे जरा दुलार दे मुझे एक बार नेह से निहार दे मुझे।

लखनऊ से आई कवियत्री डॉ. शशि श्रेया ने पढ़ा सर्दियों में तुम्हारी याद है कंबल जैसी जुदा करूं तो मेरी जान निकल जाती है। सुनहरी लाल तुरंत ने पढ़ा छत टपके तो फव्वारों का मजा लेते हैं,बंद कमरे में बहारों का मजा लेते हैं मूंगफलियों को बादाम समझ खाते हैं, बेर खा कर छुहारों का मजा लेते हैं। डॉ. एकलाख ने पढ़ा मुफलिसी के सबब इतने फाके हुए रोटियों के हमें रूवाब आने लगे। बसर हरगावीं ने पढ़ा आग होती में होता हूं शकर होती है जिंदगी अपनी मिठाई में बसर होती है। प्रशांत पाण्डेय ने पढ़ा हमारे वेदना का स्वर तुम अपने चाव से ले लो। जो उम्मीदों से चलती है तुम ऐसी नाव से लेलो,नहीं कोठी नहीं बंगला नहीं कुछ चाहिए हमको फसल है रक्त से सींची इसे बस भाव ले लो। काविश रूदौलवी ने पढ़ा हम हों दुःखी तो हमको हंसाती बेटियां,सोया हुआ नसीब जगाती हैं बेटियां। इसके साथ संदीप मोहन, आलोक गंजरहा, राहुल ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम जबरदस्त संचालन नीरज पाण्डेय ने किया। वहीं नीरज पाण्डेय अपने कविता पाठ के दौरान ओज की रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। श्री राम लीला मेला निघासन में कवि सम्मेलन के साथ साथ पत्रकार बंधुओं के सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी कलमकार बंधुओं ने अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर अशोक चौबिया, योगेन्द्र शाक्य, शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रमोद गुप्ता, जसपाल सिंह पल्ला, मनोज गुप्ता, आनंद चतुर्वेदी, मोहित मौर्या, शिवा यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## कारसवार युवकों पर मारपीट का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर।** गन्ना बेचकर घर जा रहे एक किसान से शराब के नशे में कार युवको ने मारपीट करते हुये बाराबंकी ले जाकर छोंड दिया। जिसने कार सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम द्वारिकानगर निवासी दामाद विपिन कुमार पुत्र प्रभु दयाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गोला चीनी मिल से सोमवार की रात लगभग 2 बजे गन्ना बेचकर जा रहा था कि लखीमपुर रोड पर नानक पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर शराब के नशे में धुत चार कार सवार युवक गाडी का शीशा तोडने का आरोप लगाते हुये पैसे की मांग करने लगे। जब तक वह पैसे की व्यवस्था करता उससे पहले उक्त युवक मारते पीटते हुये बाराबंकी लेजाकर छोड़ दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ०रे०—मण्डल—वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-537-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising on station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PFM-MCK-86-24-1 (Misc-Static-Service-Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3799/2024

# यूपी के नौ शहरों को टाउनशिप का तोहफा

▸ विकास प्राधिकरणों व आवास विकास परिषद को 1285 करोड़ जारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी के नौ शहरों में 14 नई टाउनशिप विकसित करने के लिए विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को 1285 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत आठ विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को भूमि अर्जन के लिए बतौर सीड कैपिटल धनराशि दी है।

22 नवंबर को कैबिनेट मीटिंग में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। शासनादेश के अनुसार, 1285 करोड़ रुपये में से सर्वाधिक 400 करोड़ रुपये आवास विकास परिषद को उसकी लखनऊ व अयोध्या की तीन योजनाओं के लिए दिए गए हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण को दो योजनाओं के लिए 300 करोड़ रुपये मिले हैं। मेरठ विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, दो योजनाओं के लिए मथुरा-वृंदावन को 175 करोड़, सहारनपुर को 75 करोड़, मुरादाबाद को 50 करोड़, फिरोजाबाद को 40 करोड़, खुर्जा को 25 करोड़ व बांदा विकास प्राधिकरण को 20 करोड़ करोड़ रुपये दिए गए हैं।

प्राधिकरण व परिषद की नौ योजनाओं के भूमि अर्जन पर 4164.16 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। पहली किस्त के तौर पर 1285 करोड़ रुपये दिए गए हैं।प्रदत्त धनराशि के बराबर संबंधित प्राधिकरण-परिषद को अपने पास से मैचिंग राशि मिलानी होगी। 75 प्रतिशत धनराशि खर्च होने का प्रमाण पत्र देने के बाद ही दूसरी किस्त जारी की जाएगी। प्राधिकरण-परिषद को प्रस्तावित टाउनशिप में पर्याप्त पेयजल व भू-गर्भ जल संरक्षण की समुचित व्यवस्था करना होगा। नगरीय क्षेत्रों के सुनियोजित व सुव्यवस्थित विकास के साथ नगरीय जनसंख्या को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए योगी सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण,नये शहर प्रोत्साहन योजना चालू की है। योजना के तहत प्राधिकरणों को भूमि अर्जन में आने वाले खर्च के 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार द्वारा सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिए जाने की व्यवस्था है।

### गरीबों की जमीन कब्जा मुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं अफसर

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गरीबों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और गरीबों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात करके उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा, सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत की, जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा और उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफ्सरों को निर्देश दिया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित करके उनके खिलाफसख्त विधिक कार्रवाई करें। सीएम योगी ने आगे कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न कर पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे, जिन्हें आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। लोगों के प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी खर्चे की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए।

# सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा रहे हैं सूचना निदेशक शिशिर

▸ पत्रकारों ने उत्साह से मनाया सूचना निदेशक का जन्मदिन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बुधवार को सूचना निदेशक शिशिर सिंह का जन्मदिन सूचना विभाग में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ पत्रकारों ने मनाया। पत्रकारों ने शिशिर को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर शिशिर ने पत्रकारों के साथ केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शिव शरण सिंह मण्डल अध्यक्ष यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, उपाध्यक्ष अविनाश चंद मिश्रा, राघवेंद्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विजय त्रिपाठी, सदस्य अब्दुल वहीद, भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, रितेश सिंह, अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, जेपी सिंह, लेखाधिकारी संजय सिंह, परशुराम मौर्या, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शुक्ला, विकास तिवारी, विक्रम सिंह संजीव कपासिया, नवलकांत सिन्हा, सुरेश यादव, सुनील कुमार वर्मा, आशीष कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, सचिव जुबैर अहमद, देवराज सिंह, शिव विजय सिंह, संजय सिंह, धनंजय सिंह, अजय कुमार सिंह, केके सिंह, नजम अहसन, आलोक गुप्ता, अजय सिंह, सुनील, छायाकार आरिफ मुकीम, अंब्रिश सिंह, पवन सिंह, तमन्ना फरीदी, शशांक श्रीवास्तव, प्रमिला चंदानी, सुनील साथ ही भारी संख्या में पत्रकारगण और सूचना विभाग के कपिल सिंह, शालिनी तोमर, प्रमोद, संदीप ओझा, राहुल आदि मौजूद थे।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह और अब्दुल वहीद ने कहा कि श्री शिशिर के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छू रहा है और पत्रकारों के हित संरक्षण में भी अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में सूचना निदेशालय नई ऊंचाइयों को छूकर यूपी सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व छात्र नेता स्व. विनोद त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन में बुधवार को पूर्व छात्र संघ महामंत्री स्व. विनोद त्रिपाठी और स्व. गौरव सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों, पूर्व छात्र नेताओं और अधिवक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए उनके संघर्षों को सराहा। श्रद्धांजलि सभा में छात्र संघ समन्वयक डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, पूर्व छात्र संघ महामंत्री अनिल सिंह वीरू, पूर्व छात्र नेता विनोद तिवारी श्अप्पु, सीपी सिंह, अधिवक्ता शैलेंद्र पांडेय गुड्डू, अधिवक्ता वरुण गुप्ता, सोना वर्मा, सुधाकर बाल्मीकि, और यस कपूर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखकर दोनों दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रमोद तिवारी और पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू ने स्व. विनोद त्रिपाठी के छात्र हितों में किए गए संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### सीनियर कैडर कोर्स की पासिंग आउट परेड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सीनियर कैडर कोर्स के ट्रेनिंग शेड्यूल पूरा होने के बाद आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज में लास्ट डे परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान 90 कोर्स नॉन कमीशन ऑफिसर्स पास आउट परेड का हिस्सा बने। ये सभी सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा में भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर लखनऊ ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और प्रशिक्षण मेजर जनरल पराग ए देशमुख ने कोर्स में फर्स्ट रैंक हासिल करने पर अग्गू विट्ठल को नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया। इसके अलावा लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन को कैश अवॉर्ड के रूप में 2500 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेजर जनरल पराग ए देशमुख ने कहा सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा क्षेत्र और शांति में सैनिकों की गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें पेशेवर क्षमता को बनाए रखते हुए कोर की परम्पराओं को बनाए रखना होगा।

### किशोरी लापता, घर से सोना-चांदी और साथ ले गई कैश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिजनौर इलाके से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईस उसकी मां ने क्षेत्र के ही परवर पूरब स्थित सौसीर खेड़ा के रहने वाले युवक के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी 2 तोला सोने के गहने, 1 किलो चांदी, एक मोबाइल के अलावा 2 लाख रुपए कैश भी अपने साथ ले गई। महिला ने बताया कि सोमवार रात संजीत बेटी को लेकर कहीं चला गया। इसकी जानकारी मंगलवार सुबह तब हुई जब बेटी घर पर नहीं मिली। बेटी को शाम करीब 6 बजे संजीत से फोन पर बात करते हुए पाया था। इस पर बेटी को डांटा फटकार था। संजीत रात को बेटी को कहीं बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। महिला ने बताया कि घर में जानकारी की गई तो पता चला कि दोनों मिलकर बड़ी बेटी और बहू के करीब 2 तोला सोने के गहने, 1 किलो चांदी, एक मोबाइल के अलावा घर में रखे 2 लाख रुपए कैश भी अपने से ले गए हैं।

### किसानों से मिलने सपा प्रतिनिधिमंडल जाएगा गौतमबुद्धनगर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का 16 सदस्यीय डेलिगेशन किसानों से मिलने गौतमबुद्धनगर की लुक्सर जेल जाएगा। इसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर दी है। लुक्सर जेल में बंद किसानों से मिलने के लिए सपा का उच्च स्तरीय डेलिगेशन गुरूवार को 12 दिसंबर 2024 को जाएगा। डेलिगेशन में सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष समेत कई बड़े नेता शामिल रहेंगे। सपा के इस डेलिगेशन में शामिल होने के लिए मुजफ्फनगर से सपा सांसद हरेंद्र मलिक, फतेहपुर के सांसद नरेश उत्तम पटेल, अंबेडकर नगर के सांसद लालजी वर्मा, कांठ के विधायक कमाल अख्तर, सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दादरी विस से प्रत्याशी राजकुमार भाटी, प्रदेश सचिव फकीर चंद नागर, गजराज नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष बीर सिंह यादव, महेंद्र नागर, सुनील चौधरी, सुनील भाटी, आश्रय गुप्ता, इंदर प्रधान, नरेंद्र नागर और सुधीर तोमर का नाम सामने आया है।

### 76वें प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा जेल रोड, आनन्द नगर स्थित महानिदेशालय पर 76वें प्रान्तीय रक्षक दल (पी0आर0डी0) स्थापना दिवस समारोह का आयोजन परेड ग्राउण्ड में आज किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), युवा कल्याण एवं खेल गिरीश चन्द्र यादव द्वारा पी0आर0डी0 जवानों की रैतिक परेड का निरीक्षण करने के उपरान्त मान–प्रणाम स्वीकार किया गया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र यादव द्वारा अपने उद्बोधन में पी.आर.डी. जवानों द्वारा थाना, यातायात एवं अन्य शासकीय विभागों तथा अर्ध–शासकीय संस्थानों में की जा रही ड्यूटी की सराहना की गयी।

# नौ महीने में यूपी आए 47.61 करोड़ पर्यटक

घरेलू पर्यटकों की संख्या 47.47 करोड़ व विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख के ऊपर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में आये बदलाव और बेहतर कानून व्यवस्था एवं सराहनीय कनेक्टिविटी के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 09 माह में 47.61 करोड़ पर्यटकों ने भ्रमण किया। इसमें घरेलू पर्यटकों की संख्या 47.47 करोड़ और विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख अधिक रही, जिसके फलस्वरूप पर्यटन सेक्टर से जुड़े व्यावसायियों तथा कारोबारियों में गजब का उत्साह देखा गया। साथ ही निवेश एवं रोजगार तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को गतिशीलता प्राप्त हुई।

राज्य सरकार पर्यटन सेक्टर को प्राथमिकता देने के लिए प्रयासरत है कि देश में आने वाला हर विदेशी पर्यटक एक बार उत्तर प्रदेश अवश्य पधारे। पर्यटक फ्रेण्डली वातावरण तैयार किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि राज्य पर्यटन में बढ़ोतरी के मुख्य केंद्र मेंधार्मिक और आध्यात्मिकता हैं। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। इस पावन भूमि पर नौ माह में 135590523 पर्यटक आए, जिसमें 135587370 घरेलू पर्यटक और 3153 विदेशी श्रद्धालु हैं। इसी तरह, भगवान कृष्ण की स्थली मथुरा में कुल 68155926 श्रद्धालु पहुंचे, जिसमें 68068697 घरेलू और 87229 विदेशी पर्यटक आए। प्राचीनतम नगरी के रूप में विश्वविख्यात काशी जो कि भगवान शिव के त्रिशूल पर विराजमान है। यहां 62718417 श्रद्धालु आए, जिसमें 62534381 घरेलू और 184036 विदेशी पर्यटक हैं। प्रयागराज जिसे तीर्थराज भी कहा जाता है, यहां 48010970 पर्यटक आए, जिसमें 48006180 घरेलू और 4790 विदेशी पर्यटक आए। मीरजापुर में कुल 11818401 पर्यटक पहुंचे। वाराणसी और मथुरा के अलावा आगरा व कुशीनगर आदि स्थलों पर बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंचे। कुशीनगर में 1620920 पर्यटक आए, जिसमें 153165 विदेशी और 1467755 घरेलू पर्यटक हैं। आगरा में कुल 12518887 सैलानी आए, जिसमें 11594626 घरेलू और 924261 विदेशी पर्यटक हैं।

### एलडीए ने की सीलिंग की कार्रवाई, घर में बंद पड़ा रहा परिवार

**लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने हुसैनगंज में अवैध निर्माण के खिलाफसीलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान बिल्डिंग के फ्लैट में रह रहे लोगों को घर से निकलने का रास्ता नहीं मिला। स्कूल से आया बच्चा भी घर आने के बाद बाहर ही मजबूरी में खड़ा था। प्राधिकरण के जोन 6 हुसैनगंज जौहरी मेहतर गढीया में प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर सीलिंग की। इस दौरान लाल निशान भी लगाया। घर के अंदर रह रहे लोगों का कहना है कि 5 साल से इस घर में रह रहे। वाबजूद अधिकारियों ने इसपर सीलिंग की कार्रवाई कर दी। वहीं, यह बिल्डिंग एग्रीमेंट पर बनवाई गई है। वहीं, बिल्डिंग के सवाल पर उसमें रह रहे लोगों ने कहा कि यह बिल्डर को पता होगा कि क्या दिक्कत है। अपार्टमेंट में रहने वाली महिला का कहना है कि एलडीए अधिकारियों से कहा कि इसमें रह रहे हैं। इस पर उनकी तरफसे कहा गया कि बाहर जाओ। इस दौरान दोपहर 1 बजे से अपार्टमेंट के बाहर गेट पर स्कूल से आकर बच्चा खड़ा रहा।

# समिति के सदस्यों ने कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए दिए विविध सुझाव

▸ कृषि मंत्री की अध्यक्षता में कृषि स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि स्थायी समिति की बैठक बुधवार को विधानसभा के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान समिति के लिए नामित जनप्रतिनिधि सदस्यों द्वारा विविध विषयों पर अपने सुझाव रखे गए।

कृषि स्थायी समिति की बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा समिति के सदस्यों को वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अन्तर्गत कृषि कार्यक्रमों की प्रगति, फसलोत्पादन योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वेदर इन्फारमेशन नेटवर्क डाटा सिस्टम (विंड्स), एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान सहित अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में समय पर उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। बीजों के लिए दी जा रही सब्सिडी को एट सोर्स कर दिया गया। अर्थात् किसानों को बीज खरीदते समय ही सब्सिडी उपलब्ध करा दी जाती है, उन्हें इसके लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। किसानों की ऊर्जा मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम किसान) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवंबर 2024 तक 53250 के सापेक्ष 19478 सोलर पंप स्थापित किया जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही खेत तालाब योजना के अंतर्गत गत वर्ष 3370 तालाब तैयार कराए गए थे, जबकि इस वित्तीय वर्ष में 8499 की सापेक्ष अभी तक 1428 खेत तालाब तैयार किये जा चुके हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 54 जनपदों में परंपरागत कृषि विकास योजना संचालित की जा रही है।

# टेक होम राशन प्लान्ट तैयार कर रहे हैं उच्च गुणवत्ता का पुष्टाहार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा टीएचआर प्लान्टो की उपयोगिता बढ़ाने व सक्रिय रूप से पूरी गति के साथ संचालित करने के प्रभावी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के 43जनपदों में 204 टेक होम राशन प्लांट संचालित किये जा रहे हैं। टेक होम राशन प्लांट द्वारा पौष्टिक, सुरक्षित, पैकेज्ड, गुणवत्ता सुनिश्चित टेक होम राशन का महिला समूहों द्वारा विकेंद्रीकृत उत्पादन और वितरण किया जा रहा है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला समूहों द्वारा प्रबंधित विकेन्द्रीकृत टीएचआर टेक होम राशन इकाइयों की स्थापना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत की गयी हैं, जिसमे टेक होम राशन का उत्पादन और आंगनवाड़ी केंद्रों तक वितरण महिला समूह की सदस्यों के द्वारा की जाती है। वर्तमान में राज्य में 43 जनपदों में 204 प्लांट स्थापित हैं, जो पुष्टाहार का निर्माण कर नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों तक वितरण करती हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में टीएचआर इकाइयों द्वारा 1.48 लाख मीट्रिक टन से अधिक टीएचआर का उत्पादन किया है। विकासखंड से चयनित 18-20 योग्य महिलाओं का एक एओपी एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स बनाया गया है, जो उत्पादन और वितरण का कार्य करती एवं पुष्टाहार का उत्पादन कर आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचाती हैं।

यह 12 सूक्ष्म पोषक तत्वों से फोर्टिफाइड है। राज्य की 204 टीएचआर इकाइयों ने 1.08 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में 1.15 करोड़ लाभार्थियों को रेसिपी आधारित टीवएचवआर प्रदान किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के अलावा, स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने, लीकेज को दूर करने और आंगनवाड़ी केंद्रों तक समय पर पुष्टाहार उपलब्ध करने में भी प्रयासरत रहा है।

### दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर आधारित तीन दिवसीय उन्मुखीकरण और इन सर्विस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। उद्घाटन डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह और राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का राज्य आयुक्त कार्यालय दिव्यांगजनों को सुगम वातावरण और सेवायोजन के उचित अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. हिमांशु शेखर झा ने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बुधवार को लखनऊ के उमराव सिनेमा में पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं के साथ द सावरमती रिपोर्ट फिल्म देखी।

फिल्म देखने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि साबरमती के माध्यम से 22, 23 साल से वीभत्स घटना का छुपा हुआ सच जनता के सामने आया है। जिस प्रकार से इन घटनाओं को लेकर देश को गुमराह करने का काम किया गया था और सच्चाई पर पर्दा डालने का काम लोगों ने किया, इस फिल्म के माध्यम से उस सच्चाई पर से पर्दा उठाने का काम फिल्म निर्माता ने किया है। इसके लिए फिल्म निर्माता और उनकी टीम बधाई के पात्र है। गोधरा में किस तरह से ट्रेन की बोगियों को जलाया गया और निर्दोष लोगों की हत्या की गई। इस सच्चाई को जानने के लिए सभी को फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। घटना में जिन लोगों को हमने खोया है, उनको मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नीरज सिंह ने कहा कि फिल्म के माध्यम से गोधरा का सच देशवासियों के सामने आया है। फिल्म के माध्यम से सभी को पता चला है कि कैसे एक इकोसिस्टम ने इतने बड़े सच को सालों तक देश से छुपा कर रखा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गोधरा का सच जानने के लिए सभी को फिल्म अवश्य देखना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश महामंत्री संजय राय, उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, बृज बहादुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, शिवभूषण सिंह, शंकर लोधी, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रवीण गर्ग सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने साथ में फिल्म देखी।

### शहीद पथ पर राज्यपाल की फ्लीट एक्सीडेंट की जांच, टीम गठित

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शहीद पथ पर मंगलवार सुबह हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की फ्लीट एक्सीडेंट मामले की जांच के लिए डीसीपी साउथ ने टीम गठित कर दी है। जांच अपर एडीसीपी साउथ और एसीपी गोसाईगंज के निर्देशन में होगी। फ्लीट में मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके आधार पर हादसे के कारणों का पता लगाकर रिपोर्ट तैयार होगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फ्लीट दाहिनी लेन से जा रही थी और एक ऑटो बायीं लेन में बराबर में चल रहा था। फ्लीट अचानक दाहिनी ओर से बाएं की तरफआ गई। जिससे करीब 80-90 की स्पीड में चल रही फ्लीट अनियंत्रित हो गई। फ्लीट में चल रही जिप्सी के चालक ने एकाएक ब्रेक लगा दी। इसके बाद पीछे से आ रही एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह की बोलेरो और उसके पीछे आ रही जीप और एंबुलेंस एक दूसरे से टकरा गई। यह हाईवे पर लगे एक सीसीटीवी में कैद होने की बात कही जा रही है।

# मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन

▸ अत्याधुनिक सुविधाओं वाले भवनों में शिफ्ट हो रहे खाद्य गोदाम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन बनाये जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत खाद्यान भण्डारण संरचनाओं का निर्माण, जिनका उपयोग उचित दर की दुकानों के लिए भी किया जा सकता है, ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर खाद्यान भण्डारण संरचना अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य निरंतर जारी है। इसमें एक हॉल, एक प्रतीक्षालय के साथ साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2800 से ज्यादा कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से बड़ी संख्या अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार भी हो चुके हैं, जबकि करीब 2763 कार्य प्रगतिशील हैं।उचित दर विक्रेताओं की दुकानें संकरी गलियों में होने के कारण खाद्यान वाहन और आम जनमानस को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। ग्राम सभाओं में अब अन्नपूर्णा भवन विकसित होने से खाद्यान वाहन और आम जनमानस की पहुंच आसान हुई है।उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए यहां से विद्युत देयकों का भुगतान, सी.एस.सी सेवाएं, पी.एम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है।एक भाग में उचित दर की दुकान होगी। इसमें खाद्यान्न संग्रहण की भी व्यवस्था है। स्टोर के दूसरे भाग में जन सुविधा केंद्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जाएगा। यह उचित दर दुकान अन्नपूर्णा भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। यहां सीसीटीवी कैमरे के साथ ही इंटरनेट की भी सुविधा होगी।

**महाकुंभ** | प्रदेश के चुनिंदा एक्सपर्ट्स की टीम पहुंची महाकुंभनगर, 44 वेबसाइट रडार पर

# एआई, डार्क वेब व सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा महाकुंभ साइबर थाना

▸ श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए तैयार योगी के योद्धा-एआई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना सम्भव नहीं हो पाएगा। खास बात यह है कि इस बार देश-विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे।

महाकुम्भ नगर पहुंची स्पेशल टीममुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। मेला के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही नहीं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुम्भ नगर बुला ली गई है। महाकुम्भ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को यहां महाकुम्भ में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुम्भ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा।

### ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मोबाइल साइबर टीम भी सक्रिय

महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुम्भ मेले से सम्बंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ–साथ सरकारी वेबसाइट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी यहां थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही देश–विदेश से महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन रात काम कर रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कम्प्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही हैं। जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से सम्बंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया के माध्यम से पैसे मांगने वालों पर विशेष नजर

जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुम्भ में आने वाले एक–एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में हैं।

# डीएम ने परिवहन निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील के कुशल मार्गदर्शन और सख्त निर्देशों के परिणामस्वरूप जनता की एक लंबित शिकायत का समाधान 11 दिसंबर को कुछ ही मिनटों में संभव हो सका। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस से जुड़ी पांच महीने पुरानी शिकायत का था, जिसे आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता देवेंद्र कुमार ने आरोप लगाया था कि 1 जुलाई 2024 को कैसरबाग डिपो की बस (नंबर [illegible]-7565) के परिचालक ने शासनादेश का हवाला देकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और चिलचिलाती धूप में करनैलगंज-गोंडा मार्ग पर निर्धारित स्थान से पहले ही उतार दिया। इस मामले की शिकायत परिवहन विभाग के अधिकारियों के पास लंबित थी।




मंडलायुक्त के निर्देश पर डीएम ने की कार्रवाई

मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए कि तत्काल कार्रवाई कर शिकायत का समाधान सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी ने परिवहन निगम के अधिकारियों को तलब किया।

10 दिसंबर को शिकायतकर्ता, आरोपी परिचालक, और परिवहन निगम के अधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का मौका दिया गया। आरोपी परिचालक ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में ऐसी गलती न करने का लिखित और मौखिक आश्वासन दिया। शिकायतकर्ता ने आरोपी की माफी स्वीकार कर ली। जिलाधिकारी ने परिचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए जनहित के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त के सख्त रवैये और जिलाधिकारी के त्वरित हस्तक्षेप के चलते यह मामला कुछ ही मिनटों में सुलझ गया। मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की साख जनता की संतुष्टि में निहित है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने भी अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त और जिलाधिकारी के सख्त रुख ने यह संदेश दिया है कि प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# महिला शिकायतों का हो गुणवत्तापरक निस्तारण : ऋतु शाही

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



▸ उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

बुधवार को उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही द्वारा सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय व जिला कारागार में महिला सेल का निरीक्षण किया गया। सर्किट हाउस में जनसुनवाई दौरान 25 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए है, जिसमें से 14 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया, जबकि 11 प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। श्रीमती शाही ने कहा कि महिलाओं/बालिकाओं की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाय। इसके पश्चात उन्होंने महिला अपराधों व महिला/बालिका के लिए संचालित योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सदस्य ने महिला जिला पंचायत सदस्य, महिला ग्राम प्रधान, महिला क्षेत्र पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सखी समूह की बहनों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव घर तक जागरूकता कर पात्रों को उनसे लाभान्वित कराये जाने का भरसक प्रयास करें। इसके बाद सदस्य श्रीमती शाही ने जिला कारागार में महिला सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां महिला बंदियों से बातचीत की तथा उन्हे मिठाई खिलाई तथा उनके साथ रह रहे बच्चों का भी हाल चाल जाना और, उन्हें फल वितरित किया। इसके उपरान्त उन्होंने हलधरमऊ स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाय तथा उनके आवासीय सुविधा में कोई कमी न होने पाये। सदस्य के आगमन पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार व जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक दूबे, महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह आदि मौजूद रहे।

## सीएम डैश बोर्ड में जनपद को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

बहराइच, समृद्धि न्यूज। माह नवम्बर 2024 के लिए शासन द्वारा जारी की गई रैंकिंग में जनपद बहराइच को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। शासन स्तर से माह नवम्बर के लिए जारी रैंकिंग में जनपद महाराजगंज, बहराइच, हमीरपुर, अम्बेडकरनगर व बुलन्दशहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियों के प्रयास की सराहना करते हुए सभी से अपेक्षा की है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को शासन की मंशानुरूप धरातल पर क्रियान्वित कर अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ सीएम की शीर्ष प्राथमिकता जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करते हुए उसे सीएम पोर्टल पर अपलोड भी करें। इससे आम जनमानस की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान भी होगा तथा उन्हें सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत लाभ भी मिल सकेगा।

# पड़री कृपाल के प्राथमिक विद्यालय में वाहन से भारी बेंच उतारते नजर आये बच्चे

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षको पर कार्यवाही न होने से लगातार बढ़ता जा रहा मनोबल जिसका परिणाम आये दिन स्कूल कार्य के नाम पर बालश्रम करवाने का मामला चर्चा का बाजार गर्म करता रहता है, क्योंकि यह चर्चा है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरी कृपाल नहीं सम्भाल पा रहे शिक्षा क्षेत्र लगातार रहता है चर्चाओं में।




हाल ही की बात करें तो दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को समय लगभग अपराह्न 12 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ही प्राथमिक विद्यालय पडरी कृपाल मे भार वाहन संख्या यू.पी.43 ए टी 6192 से बच्चों के कक्ष में लगाने हेतु बेंच लदकर आया था उसको शिक्षिकाओं द्वारा खुद तो धूप में आराम करती रही और बच्चों से वाहन पर लदे बेंच को उतरवाने का कार्य कराया गया तथा बच्चों से बेंच को कक्ष के अन्दर रखवाया जा रहा था। जिसका विडियो बीईओ पडरी कृपाल कार्यालय पहुचे पत्रकारो ने बना लिया तथा बीईओ कार्यालय में बीईओ से मिलने पहुंचे परन्तु कार्यालय मे कोई नहीं मिला।

मौके से ही मीडिया कर्मियों ने बच्चों से भारी बेंच उठवाने का विडियो खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह के व्हाट्सएप्प पर भेजकर जानकारी हेतु दूरभाष पर कॉल किया परन्तु किसी कारणवश कॉल उठा नहीं। उसी समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी को भी विडियो व्हाट्सएप्प पर भेजा गया और कॉल भी किया गया परन्तु वार्ता नहीं हो सकी। लगातार बच्चों से कहीं न कहीं शिक्षिकाओं द्वारा ऐसा श्रम कार्य कराना और खण्ड शिक्षा अधिकारी का कार्यवाही न करना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है एवं लोगों के लिए एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।यही हाल कुछ दिनों पूर्व बालदिवस पर कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर बैरिया शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल गोन्डा में भी बच्चों से बालश्रम का विडियो ग्रामीणो द्वारा बनाकर वायरल काया गया था जिसपर भी कार्यवाही के नाम केवल खानापूर्ति हुआ था।

वहीं बच्चों के भविष्य को लेकर भी बड़ा सवाल उठ रहा है कि जो बच्चे विद्यालय में शिक्षा लेने आते हैं उनको बालश्रम से बचाने और बालश्रम को रोकने के स्थान पर खुद जिम्मेदार शिक्षिकाओं/शिक्षकों द्वारा कहीं ईंट उठवाना तो कहीं भार वाहन से बेंच उतरवाना बड़ा सवाल है यही नहीं विद्यालयो से इस तरह के बालश्रम की जब विडियो बनता है और अधिकारियों तक पहुंचाता है तब जिम्मेदार शिक्षकों/शिक्षिकाओं का यह कह देना की यह स्कूल कार्य है और बच्चे नहीं करेंगे तो कौन करेगा यह भी एक बड़ा विचारणीय उत्तर होता है।

# गरीबों के राशन में घटतौली का मामला उजागर

▸ प्रधान प्रतिनिधि और कोटेदार पर गंभीर आरोप

कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



कटरा बाजार विकास खंड के ग्राम पंचायत भदैंया में गरीबों और जरूरतमंदों के हक के राशन में घटतौली और मनमानी का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के प्रभाव के चलते उचित दर विक्रेता लाभार्थियों को उनके हक का राशन सही मात्रा में नहीं देते हैं। साथ ही, विरोध करने पर दबंगई दिखाकर उन्हें दुकान से भगा दिया जाता है। ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत भदैंया में पूजा गोस्वामी नाम की उचित दर विक्रेता की दुकान प्रधान प्रतिनिधि के घर से संचालित होती है। यह दुकान प्रधान प्रतिनिधि के सगे भाई की पुत्रवधू के नाम पर पंजीकृत है। आरोप है कि इस दुकान पर लाभार्थियों को खुलेआम घटतौली करके राशन दिया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि राशन वितरण का स्थान प्रधान प्रतिनिधि के घर रखा गया है, जो लाभार्थियों के लिए बेहद असुविधाजनक है। वितरण केंद्र लाभार्थियों के घर से चार किलोमीटर दूर स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान प्रतिनिधि और उचित दर विक्रेता की मिलीभगत से गरीबों को उनके हक का राशन नहीं मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों के मुताबिक घटतौली और मनमानी से उनका कानून और प्रशासन पर विश्वास कमजोर हो रहा है। बता दें कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घटतौली व अनियमितता एक गंभीर अपराध है। अगर जांच में आरोप सही पाए जाते हैं,तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होना तय है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जांच में सच्चाई सामने आएगी और उन्हें उनका हक मिलेगा। अब देखना यह है कि क्या गरीबों को उनके अधिकार का राशन मिलेगा,या यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह दबा दिया जाएगा? यह सवाल ग्रामीणों के मन में बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### 40 ग्राम पंचायत सचिवों का दिसम्बर माह का वेतन बाधित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यो को त्वरित गति से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के साथ-साथ विगत वर्षों में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष से निर्मित शौचालयों का भौतिक सत्यापन जिले के 71 जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराया गया। सीडीओ ने बताया कि सत्यापनकर्ता अधिकारियों की ओर से प्राप्त हुई आख्या के अनुसार 262 शौचालय अपूर्ण पाये जाने पर सम्बन्धित सचिवों का उत्तरदायित्व तय करते हुए 14 विकास खण्डों के 40 ग्राम पंचायत सचिवों का माह दिसम्बर, 2024 का वेतन बाधित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र बताया कि सोमवार को सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में खण्ड विकास अधिकारी-रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। इसके अलावा आई.जी.आर.एस. के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा में गुणवत्तापरक निस्तारण न पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर अजय प्रताप व बीडीओ रिसिया को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है तथा ब्लाक चित्तौरा के ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया है कि आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही विकास कार्यों को भी शासन की मंशा के अनुरूप धरातल पर क्रियान्वित कराएं अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कठोर कार्यवाही से दण्डित किया जायेगा।

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के नेतृव में किया गया। जिसमे मनोचिकित्सक डॉ नितिन शुक्ला आदि डॉक्टरों ने इस शिविर में 118 मरीजो को स्वास्थ्य की जांच और परामर्श दिया गया।वही 63 मानसिक रोग से पीड़ित को उपचारित किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने कहा कि शिविर का आयोजन समय समय पर सीएचसी अस्पताल परिसर में किया जाता है। इसमें लोगो की स्वास्थ्य की जांच कर दवा का वितरण किया जाता। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. डॉ सन्तोष सिंह ने किया। बुधवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौली गौसपुर परिसर में किया गया जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया ऐसे लक्षणों के प्रतीत होने पर मानसिक समस्या हो सकता है। जैसे नींद न आना य अत्यधिक नींद आना बीच-बीच में नींद का टूटना। तनाव उलझन घबराहट बेचैनी चिड़चिड़ापन एवं किसी चीज के बारे में जरूरत से ज्यादा चिंतित रहना। जीवन के प्रति निराशा रहना एवं आत्महत्या का विचार आना। आत्मविश्वास की कमी महसूस करना तथा ध्यान न लगना। छोटी-छोटी बातों में अपने आप को दोषी ठहरना। भूत प्रेत देवी देवता जिन्न आदि की छाया का भ्रम होना। सहित कई बिंदुओं पर उन्होंने लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि इस प्रकार के किसी भी लक्षण से ग्रेसित व्यक्ति को मानसिक रोग की समस्या हो सकती है। इन्हें छुपाए नहीं अपितु इसका इलाज कराए पूर्ण इलाज से इन सभी बीमारियों से ठीक हुआ जा सकता है। प्रत्येक माह के चतुर्थ बृहस्पतिवार को सिरौली गौसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परामर्श लें।मानसिक रोग के नैदानिक मनोवैज्ञानिक विनोद कुमार पाल, प्रशान्त दीक्षित अहमद अब्बास, डाक्टर देवेन्द्र सिंह चन्द्रेश वर्मा शैलेश कुमार रावत आदि मौजूद रहे।

### दस किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दस किलो अवैध गांजे के साथ जैदपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ गश्त के दौरान वैसपुर तिराहे के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर दस किलो नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्त में आये एक ने अपना नाम सर्थक पुत्र लक्ष्मी कांत पांडेय, सैदपुर थाना माल जनपद लखनऊ और दूसरे ने अपना नाम आदर्श पुत्र हरिनाथ निवासी अटेर पोस्ट ससपन थाना रहीमाबाद, जनपद लखनऊ बताया है। जिनके विरुद्ध जैदपुर ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है।

# बस के आगे दौड़ता रहा तेंदुआ फिर नदी में लगा दी छलांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से भटक कर एक तेंदुआ घाघरा बैराज पर आ गया। शिकार की तलाश में आया तेंदुआ बस के आगे दौड़ता रहा। इसके बाद नदी में कूद गया। बस में बैठे यात्रियों ने इसका वीडियो बना लिया।



▸ जंगल से भटकर घाघरा बैराज पहुंच गया तेंदुआ

▸ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में इन दिनों रिहायशी इलाकों में तेंदुओं की चहलकदमी बढ़ गयी है। मंगलवार की देर शाम को जंगल से भटककर एक तेंदुआ चौधरी चरण सिंह घाघरा बौराज पर पहुंच गया। जहां वह पुल पर बैठ गया। इस दौरान लखीमपुर की ओर से सुजौली क्षेत्र की ओर आ रही एक बस को देखते ही वह बस के आगे-आगे दौड़ने लगा। इस बीच काफी दूर दौड़ने के बाद वह डाउन स्ट्रीम घाघरा की ओर पुल की रेलिंग पर चढ़ गया और वहां से नदी की ओर उसने छलांग लगा दी। पुल पर दौड़ते हुए और रेलिंग पर चढ़कर छलांग लगाते हुए तेंदुए का वीडियो वायरल है। बस में बैठे यात्रियों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

# बाल मजदूरी छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला समन्वयक अश्विनी सिंह के दिशा निर्देश पर बुधवार को प्रथम संस्था द्वारा बाल अधिकार दिवस के दिन संबिलियन विद्यालय टेंडवा सिटींपुर मे बाल अधिकार दिवस का अयोजन किया गया जहाँ पर अध्यापक के सहयोग से सभी बच्चों के साथ रैली का आयोजन किया गया व बाल श्रम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रैली मे बच्चों द्वारा बच्चों को शिक्षा और बड़ो को काम बाल मजदूरी छोडो, शिक्षा से नाता जोड़ो, हर बच्चे का है अधिकार, पूरी शिक्षा पूरा प्यार जैसे गगन भेदी नारे लगाकर अभिभावक को जागरूक किया। रैली विभिन्न गांवो (टेंडवा, सिटींपुर, गोपचंदपुर, ऊंच गाँव) से होती हुई स्कूल मे समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक गोपीचंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के शिवनाथ मिश्रा द्वारा बाल अधिकार पर बच्चों को जागरूक कर जानकारी दिया। व संस्था की प्रिवेशन स्टॉफ रेखा देवी द्वारा टोल फ्री नंबर व बस स्टॉप पर संस्था का काम व बच्चों की शिक्षा व उपस्थिति पर जानकारी दिया। स्कूल अध्यापक द्वारा बाल अधिकार दिवस पर सभी बच्चों को बधाई दिया व प्रतिदिन स्कूल आने का आवाहन किया। तथा संस्था के काम की सराहना किया उपरोक्त कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, मुनेश, मीनाक्षी यादव, पंकज कुमार, अवधेश कुमार, पवन कुमार सिंह व शिवपूजन भास्कर मौजूद रहे।




▸ प्रथम संस्था द्वारा मनाया गया बाल अधिकार दिवस

▸ बच्चों ने रैली निकालकर अभिभावकों को किया जागरूक

## ट्रैफिक पुलिस और व्यापारियों में हुई नोंक-झोंक

**फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ विवाद लगाया भेदभाव का आरोप**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** नगर के व्यस्ततम इलाके चौक बाजार में बुधवार को फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर व्यापारी और यातायात पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक को गई। यातायात कर्मी बाजार में जाम की समस्या को सुलझाने के लिए फुटपाथ से दुकानों का सामान हटवा रहे थे। दरअसल यातायात कर्मियों ने एक दुकान के बाहर फुटपाथ पर रखा सामान हटाने के लिए कहा इस पर दुकानदार ने सभी फुटपाथी दुकानों को हटाने की मांग करते हुए पुलिस पर भेदभाव का आरोप लगाया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। दुकानदार का कहना था कि फुटपाथ पर लगने वाले अस्थाई दुकानों और अन्य अतिक्रमण को हटाया जाए। इस दौरान माहौल गरमा गया और पुलिसकर्मी वहां से चले गए।

**जाम से परेशान बाजार:-** चौक बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। जिससे राहगीरो और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

**स्थानीय लोगों की मांग:-** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि फुटपाथ पर अतिक्रमण की समस्या को अस्थाई रूप से हल किया जाए ताकि बाजार में सुचारू यातायात व्यवस्था हो सके।

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

▸ खेलकूद से हमारा शरीर मस्तिष्क स्वस्थ एवं खुशहाल बना रहता है : प्रो दिव्य दर्शन तिवारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ सोहनलाल श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने कहा की खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है खेलकूद से हमारा शरीर मस्तिष्क स्वस्थ एवं खुशहाल बना रहता है। इसी क्रम में कॉलेज के अध्यक्ष डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि खेलकूद के माध्यम से विभिन्न क्रीडा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं और अपने जीवन को खेल के माध्यम से आगे ले जा सकते हैं। कार्यक्रम क्रीडा प्रभारी शिक्षक अखंड प्रताप सिंह ने कक्षा 6 से 8 एवं 9 से 12 के छात्र एवं छात्राओं का 100 मी, 200 मी दौड़, कबड्डी एवं खो-खो का कार्यक्रम संपन्न कराया। कॉलेज की प्रधानाचार्या रीति श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रहलाद कुमार श्रीवास्तव, मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, सचिन प्रताप, धर्मेंद्र श्रीवास्तव सरिता मौर्य, कुमार वैभव, विजय कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने पुलिसकर्मियों के साथ की बैठक

▸ नेपाल सीमा से सटे इलाकों में सघन पेट्रोलिंग, संदिग्धों पर कार्रवाई के निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमित पाठक मंगलवार को देर शाम बहराइच के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में बैठक की। बैठक में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर चर्चा करते हुए उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर सख्ती बरती जाए। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए अतिरिक्त सतर्कता के साथ नियमित पेट्रोलिंग और चेकिंग की जाए। उन्होंने बाल और महिला अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करने को प्राथमिकता बताया। बैठक के बाद डीआईजी ने पयागपुर थाने का निरीक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित सभी सर्किल अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# बहराइच नगर पालिका परिषद की डिजिटल टैक्स संग्रह प्रणाली को इंडियन बैंक ने दिया नया आयाम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

इंडियन बैंक, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक ने स्थानीय निवासियों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ मिलकर ऑनलाइन टैक्स कलेक्शन पोर्टल लॉन्च किया है। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज ने बहराइच के नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया।

डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए यह पोर्टल स्थानीय निवासियों को अपने नगरपालिका टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एक सुविधाजनक, पारदर्शी एवं प्रभावशाली मंच प्रदान करता है। यह पहल उत्तर प्रदेश के 25 नगरपालिकाओं में डिजिटल सॉल्यूशन्स को लागू करने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसमें सबसे पहले बहराइच में यह सेवा शुरू की गई है।

इस पोर्टल का उद्देश्य टैक्स संग्रह प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है एवं जनता के लिए सरल अनुभव सुनिश्चित करने के साथ-साथ नगरपालिका के कार्यप्रणाली की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार लाना है। इससे बहराइच के सभी स्थानीय निवासियों के लिए शीघ्रतापूर्वक टैक्स भुगतान करना सुलभ एवं अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। इंडियन बैंक की यह पहल नगरपालिकाओं की सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके द्वारा सरकारी प्रयासों का समर्थन करने तथा स्थानीय समुदायों को आधुनिक, कुशल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के बढ़ते प्रयासों को नया आयाम मिल रहा है। यह ऑनलाइन पोर्टल भविष्य में अन्य विभागों के लिए भी एक मॉडल साबित होगा, जिसके द्वारा आम जनता को तेज और अधिक प्रभावी सेवा प्रदान की जा सकेंगी।

# सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ रहा ग्रामीणों का भरोसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ लगातार बेहतर हो रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर विश्वास बढ़ रहा है। कायाकल्प और एन्क्वास जैसी योजनाओं ने इस बदलाव को मुमकिन बनाया है। इसी क्रम में, कैसरगंज के मदरहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। मदरहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों को घर के नजदीक व्यापक और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) नीलू ने बताया कि केंद्र हर महीने 400 से अधिक मरीजों को ओपीडी सेवाएँ उपलब्ध कराता है। टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेने की सुविधा के साथ ही मधुमेह और उच्च रक्तचाप का नियमित फॉलोअप किया जाता है। केंद्र पर अधिकतर महिलाएँ यौन संक्रमण के इलाज और परिवार नियोजन सेवाओं के लिए आती हैं। उनके अनुसार, यहाँ न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है, बल्कि गोपनीयता भी पूरी तरह से बनी रहती है।




▸ मदरहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

▸ ग्रामीणों को मिल रही उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं, माह में 25 प्रसव और 400 से अधिक ओपीडी

**प्रसव सेवाओं में अग्रणी:-** केंद्र की प्रसव सेवाएँ उल्लेखनीय हैं। एएनएम मिथलेश के अनुसार, हर महीने 20-25 सामान्य प्रसव यहाँ कराए जाते हैं। यह केंद्र कुपोषित बच्चों के इलाज और पोषण पुनर्वास, टीबी मरीजों के लिए निःशुल्क दवाएँ और परिवार नियोजन सेवाएँ भी प्रदान करता है।

**हर शनिवार टीबी की जांच:-** इस केंद्र पर माह के प्रत्येक शनिवार को टीबी के संभावित मरीजों की जांच की जाती है , मरीजों का बलगम एकत्र कर जांच के लिए भेजा जाता है , जांच में टीबी की पुष्टि होने पर मरीज को परामर्श और दवाओं का पूरा कोर्स कराया जाता है।

**गुणवत्ता मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन:-** डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि राज्य व केंद्रीय गुणवत्ता टीम ने मदरहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की समीक्षा के बाद इसे राष्ट्रीय प्रमाण पत्र दिया। केंद्र को 7 पैकेज की 18,000 रुपये प्रति पैकेज धनराशि प्राप्त हुई, जिसका उपयोग सेवाओं को बेहतर बनाने में होगा।प्रमाणपत्र तीन वर्षों के लिए मान्य रहेगा।

### ग्राम प्रधान व स्थानीय प्रयासों की भूमिका

कैसरगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ एन के सिंह के अनुसार मदरहा ग्राम प्रधान रामनरेश ने केंद्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर स्वास्थ्य कर्मियों को सहयोग प्रदान किया और ग्रामीणों को जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नीलू और एएनएम मिथलेश व नंदनी की समर्पित सेवाओं से केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित हुआ, जिससे ग्रामीणों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ मिल रही हैं।

### जनपद की तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर इकाइयां पहले ही हो चुकी हैं प्रमाणित

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2025 तक 50त्न और दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाणीकरण प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। जनपद की तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर इकाइयाँ पहले ही प्रमाणित हो चुकी हैं, और 28 अन्य इकाइयों की फाइलें अपलोड कर दी गई हैं। पहले चरण में जिले के 67 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को प्रमाणीकरण के लिए चयनित किया गया है।

# एकदिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष

- जिला अस्पताल, जिला कारागार, वन स्टाप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण
- निरीक्षण भवन में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को लेकर की जनसुनवाई, निस्तारण के दिए निर्देश





**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया तथा महिला वार्डों के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम तथा अन्य इकाइयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई व महिलाओं को 40 बेबी किट व मिष्ठान वितरित कर संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार में पाकशाला, महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया तथा महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना एवं माता से साथ आवासित बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टॉफी एवं महिला बंदियों को कम्बल का वितरण किया।

इसके पश्चात वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेंटर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

**संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश:** उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चाइल्ड हेल्प लाइन की व्यवस्था व वन स्टॉप सेंटर को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में कन्या के जन्म होने पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना की जानकारी प्रदान कराते हुए उनको उक्त योजना का लाभ दिलाया जाए, जिससे कोई भी बालिकाए लाभ से वंचित न रहें। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर पंपलेट चस्पा किए जाए, जिससे बच्चों को योजनाओं की जानकारी हो और वह घर जाकर अपने माता पिता को उन योजनाओं की जानकारी दे और वह उसका लाभ उठा सके। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, इसके साथ ही जन जागरूकता हेतु अस्पताल परिसर में पात्रता व कार्ड कैसे और कहा बनवा सकते ही इसकी जानकारी डिस्प्ले की जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी व पीएचसी में समीक्षा कर यह सुनिश्चित कराया जाए कि चिकित्सक व अन्य स्टाफ अपने ड्यूटी के दौरान उपस्थित रहें। जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

### निरीक्षण भवन में की महिला जनसुनवाई

उपाध्यक्ष द्वारा ग्राम पंचायत हरिदासपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई की तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया गया तथा केन्द्र पर उपस्थिति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात निरीक्षण भवन में महिला जन सुनवाई की गयी जिसमें 18 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।



## कोठरी का ताला तोड़कर फील्ड मार्शल इंजन चुरा ले गए चोर

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के बन्नावां गांव में बीती रात चोर खेतों की सिंचाई के लिए कोठारी के अंदर रखे फील्ड मार्शल इंजन को ताला तोड़कर चुरा ले गए। चोरी की इस वारदात से गांव में सनसनी मच गई। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के बन्नावां गांव के रहने वाले संजय लोध पुत्र रामनाथ लोध ने थाने पर तहरीर दी है कि उसने बीते वर्ष 31,000 रुपए में खेतों की सिंचाई के लिए फील्ड मार्शल डीजल इंजन खरीदा था। इसी इंजन से वह बटाई पर खेतों को लेकर फसलों की सिंचाई करता था। बीती रात वह खेतों की सिंचाई करने के बाद कोठरी में ताला बंद कर वापस अपने घर आ गया। सुबह जब 5 :00 बजे वह खेतों पर पहुंचा और कोठरी के पास देखा तो ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो इंजन वहां से गायब था। चोरी की इस वारदात से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने मामले की सूचना थाने को दी है। इस बारे में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि इंजन चोरी की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र चोरों को गिरफ्तार कर इंजन को बरामद किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**डलमऊ, रायबरेली।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा डलमऊ में कैशियर के पद पर तैनात रहे अपराजित पांडे की बैंक का कार्य निपटने के बाद वापस घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो हो गई थी बैंक कर्मी की मौत के बाद व्यापारियों बैंक कर्मियों एवं क्षेत्र वासियों में शोक की लहर दौड़ गई बैंक कैशियर की मौत से द्रवित व्यापारियों एवं बैंक कर्मियों ने बुधवार को शौक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया शोक सभा में पीएनबी बैंक शाखा डलमऊ के मैनेजर शम्मी कुमार व्यापारी श्याम गुप्ता ने मृतक बैंक कैशियर अपराजित पांडे के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की शौक एवं श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य व्यापारियों एवं बैंक कर्मियों ने उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की सभा में मौजूद सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इस दौरान सभा में मौजूद लोगों ने बैंक कैशियर के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई इस मौके पर आलोक वर्मा दीप नारायण साहू सुधीर जायसवाल अंबुज मिश्रा राजू द्विवेदी योगाचार्य आनंद गुड्डू हांडा मोहम्मद यासीन एवं बड़ी संख्या में व्यापारी व बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### एडीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न



**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सैनिक बन्धु उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर पालिका परिषद से अनुरोध किया तथा सैनिक बन्धु सदस्य सूबेदार एसके बाजपेई द्वारा गन लाइसेन्स नवीनीकरण की समस्या से अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौ सेना) अतुल्य दयाल (अप्रा), द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी.. प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुई जनसुनवाई



**बलरामपुर।** सदस्य, राज्य महिला आयोग अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई की गई। उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सदस्य ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना जाए तथा तत्परता से आवश्यक कार्यवाही भी की जाए, महिला संबंधी शिकायत के निस्तारण में देरी न की जाए। इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड सदर बलरामपुर में श्रम विभाग, सामाज कल्याण विभाग, दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं का स्टॉल का अवलोकन किया एवं महिला कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर , जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### भगवान का मुख अग्नि रूप है: राममूरत त्रिपाठी



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** भगवान का मुख अग्नि रूप है विश्व के पालन हार भगवान विष्णु व संपूर्ण चराचर को जीवंत करने वाले 33 कोटि देवी व देवताओं को प्रसन्न करने के लिए यज्ञशाला में स्थापित हवन कुंड में अरणि मंथन द्वारा अग्नि प्रकट किया गया। यज्ञाचार्य व वैदिक मंडल द्वारा आहुतियां प्रदान की गई। विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम छितलूपुर सराय खास आदि शक्ति दुर्गा माता मंदिर में आयोजित नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में अनंत बलवंत श्री हनुमंत लाल महाराज के तत्वावधान में चल रहे मानस वेदांत संत सम्मेलन के पांचवें दिन आयोजित अरणि मंथन के द्वारा अग्नि व हवन का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। यज्ञाचार्य राममूरत त्रिपाठी व यज्ञाध्यक्ष रामू व्यास ने वेद की रिचाओं व मंत्रों के माध्यम से देवताओं का आह्वान करते हुए कहा कि यज्ञ से जगत का कल्याण होता है। सभी चराचर जीव जीवांत होते हैं। यज्ञ सनातन धर्म की वैदिक परंपरा है। यज्ञ से संपूर्ण पर्यावरण शुद्ध होता है। जिसका मुख्य उद्देश्य सर्वे भवंति सुखिन- सर्वे संतु निरामया की जगत कल्याणकारी भावना परिलच्छित होती है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। यज्ञ में चल रहे मानस वेदांत संत सम्मेलन में दूर-दूर से आए साधु-संतों ने देश की एकता व अखंडता के लिए सनातन धर्म की विचारधारा पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर धर्मेन्द्र उपाध्याय, राम सागर वर्मा एडवोकेट, राजू उपाध्या, दिलीप कुमार वर्मा एडवोकेट, अरुण कुमार वर्मा, सतीश कुमार सिंह, ब्रह्म देव वर्मा, डॉ. संदीप कुमार वर्मा,चरण सिंह मौर्य, राम कृपाल वर्मा, मनोज कुमार यादव, दिनेश कुमार वर्मा, राम गोपाल यादव, सुरेंद्र सिंह, दिनेश कुमार यादव, डॉ. उपेन्द्र सिंह, केसरी शर्मा, चन्द्र प्रकाश मौर्य, बोरिंग शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# जेल में बंद आरोपी की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों में आक्रोश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- पीट-पीटकर मार डाला, जिला जेल में बंद कैदी की मौत पर हंगामा
- परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



रायबरेली के जिला कारागार में बुधवार को एक बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बंदी को शराब के मामले में पांच दिसंबर को जिला कारागार लाया गया था। जेल प्रशासन के मुताबिक, वह करीब सप्ताह से कारागार के अस्पताल में भर्ती था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर, जिला अस्पताल के ईएमओ की मानें तो बंदी को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था।

खीरों के मोहनपुर निवासी रामदेव उर्फ गुड्डू आबकारी अधिनियम के तहत जिला कारागार में बंद था। बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बंदी की मौत हो गई।

**सांस की समस्या के कारण रामदेव की मौत हुई:** जेल प्रशासन के मुताबिक, बुधवार की सुबह बंदी को सांस लेने में समस्या हो रही थी। पुलिस इस कारण उसे कारागार के अस्पताल से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान करीब सात बजे चिकित्सक ने उसकी मौत की पुष्टि की। वहीं, दूसरी ओर जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. अतुल पांडेय का कहना है कि बंदी को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

**पुलिस पर पिटाई का आरोप:** मामले में मृतक रामदेव की पत्नी मीना ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। उसने आरोप लगाया कि पांच दिसंबर को थाना खीरों पुलिस ने उनके पति रामदेव व सास को झूठे मुकदमे में फंसाया था। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने पहले रामदेव को घर में बुरी तरह लात घूसों से जमकर पीटा। इसके बाद थाने ले जाकर उनकी जमकर पिटाई की गई, जिसके चलते बुधवार को रामदेव की मौत हो गई। इस मामले में थानाध्यक्ष खीरों बालेंदु गौतम का कहना है कि आरोपियों को शराब बनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। बंदी रामदेव की मौत हो गई है। परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

# चचेरे भाई पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर मारने का प्रयास, गंभीर

- तलाकशुदा पत्नी से शादी के बाद चल रहा था खफा

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के थाना सलोन क्षेत्र के अत्ता नगर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद और रंजिश के चलते एक युवक ने अपने ही चचेरे भाई पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जला दिया। पीड़ित की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**पारिवारिक विवाद बना घटना का कारण:** घटना की जड़ पारिवारिक विवाद और तलाक से जुड़ी रंजिश है। अत्ता नगर निवासी गुलाब चंद्र की शादी डीह थाना क्षेत्र के बुढबारा गांव की रामावती से हुई थी। हालांकि, आपसी मतभेद और विवाद के चलते रामावती ने वर्ष 2017 में गुलाब चंद्र को तलाक दे दिया। इसके बाद रामावती ने गुलाब चंद्र के भाई मातादीन से विवाह कर लिया। तलाक के बाद से गुलाब चंद्र इस रिश्ते से नाखुश था और परिवार में तनाव बना हुआ था। मातादीन अपनी पत्नी और परिवार के साथ मुंबई में रह रहा था। हाल ही में मातादीन अपने घर का निर्माण कार्य कराने के लिए अत्ता नगर वापस आया था। मंगलवार देर रात मामूली कहासुनी के बाद गुलाब चंद्र ने गुस्से में आकर अपने चचेरे भाई मातादीन पर पेट्रोल डाल दिया और आग लगा दी। घटना के बाद गुलाब चंद्र मौके से फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने आग बुझाने की कोशिश की और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मातादीन को गंभीर हालत में पहले सीएचसी ले जाया गया, जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, पीड़ित की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार:** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। सीओ सलोन प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी गुलाब चंद्र को हिरासत में ले लिया गया है, और उससे पूछताछ की जा रही है।

## कृषि यंत्र के नाम पर खरीद कर व्यवसाय में जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है ट्रैक्टर



**महराजगंज, रायबरेली।** व्यावसायिक कार्यों में जमकर इस्तेमाल किया जा रहे हैं ट्रैक्टर किसानों के लिए सरकार द्वारा ट्रैक्टर पर रोड टैक्स नहीं लिया जाता तथा किस कृषि कार्यो के लिए ही उपयोग में लाने का नियम है लेकिन इस समय किसानों के नाम पर व्यापारी व्यावसायिक कार्यों में ट्रैक्टर को खूब इस्तेमाल करते हैं। धान कुट्टी हो गई भट्टे पर ईंट ढोते हुए ट्रेडर्स की दुकान पर गिट्टी मौरंग सीमेंट ढोते हुए तथा जो अनाज के व्यापारी हैं वह भी अनाज को इधर-उधर लाने में ट्रैक्टर का जमकर इस्तेमाल करते हैं। आलम यह रहता है कि ट्रैक्टर तो चलता ही है साथ-साथ उसके ऊपर इस तरह के ड्राइवर बैठा दिए जाते हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं रहता है और न ही गाड़ी चलाने का अनुभव और वह सड़क पर फर्राटे भरते हुए ट्रैक्टर को रफ्तार देते हुए नजर आते हैं। वहीं ट्रैक्टर सड़क पर जब चलता है तो आप चाहे जितने संकेत दीजिए ट्रैक्टर की आवाज इतनी अधिक रहती है और फिर ऊपर से उसमें अगर ट्राली बंधी है तो फिर आपको पास नहीं मिलेगा कोई कोई ट्रैक्टर तो केवल एक हेड लाइट जलाते हुए रात में आता है। लोग समझ नहीं पाते की मोटरसाइकिल आ रही है कि ट्रैक्टर और एक्सीडेंट करके निकल जाता है। ट्रैक्टर से हर वर्ष महराजगंज तहसील क्षेत्र में कई लोगों की जान चली जाती है, फिर भी प्रशासन की उदासीनता के कारण ट्रैक्टरों का व्यवसायीकरण में जमकर इस्तेमाल किया जाता है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**रेहराबजार/बलरामपुर।** आईसीडीएस विभाग के तत्वावधान में रेहरा बाजार, परियोजना के तहत चयनित 100 आंगनवाड़ी केंद्रों की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने और आंगनवाड़ियों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु कार्यकत्रियों की क्षमताओं का विकास करना था।साथ ही साथ आईसीडीएस विभाग के द्वारा प्रदान किए जाने वाले समस्त सेवाओ के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा के द्वारा व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख पंकज चौहान के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रजनीश मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ संदीप कुमार, आरबीएसके टीम के सदस्य डॉ अशरफ, एआरपी चंद्रधर पाठक,मुख्य मंत्री द्वारा पुरस्कृत अध्यापक श्रीराम, पानी संस्थान से ब्लॉक समन्वयक जया श्रीवास्तव, मुख्य सेविका प्रतिमा द्विवेदी, नीलम देवी वर्मा,मनोरानी पानी संस्था से क्षेत्र समन्वयक अर्चना वर्मा और सबाना अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भागीदारी न्याय सम्मेलन का हुआ आयोजन

- कांग्रेस पार्टी व राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस पार्टी व राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में दीन शाहगौरा ब्लॉक के रामलीला मैदान में प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र पासी द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संविधान योध्दा सुशील पासी, राष्ट्रय सचिव कांग्रेस पार्टी व बिहार प्रदेश प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेन्द्र यादव सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जिला पंचायत सदस्य डलमऊ, राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के जिला अध्यक्ष यशपाल एडवोकेट अर्जुन पासी सचिव प्रदेश कांग्रेस पार्टी व डॉ.प्रशांत की गरिमा में उपस्थिति रही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी ने कहा कि हम राहुल गांधी के मिशन को गांव तक गरीब वंचितों पर तथा हाशिये पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में मिलाना और उन्हें न्याय दिलाना जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक मैं राहुल गांधी के इस अभियान को अनवरत रूप से पूरे प्रदेश और देश में गांव-गांव गली गली तक पहुंचाता रहूंगा संविधानिक कुर्सी पर बैठे लोग संविधान का पालन नहीं कर रहें हैं बीजेपी संविधान विरोधी है उन्होंने कहा उठे बना लो रास्ते संविधान के वास्ते तथा वीरेंद्र यादव जी ने कहा कि यह देश संविधान के मूल्य से ही चलेगा तथा श्री यशपाल एडवोकेट ने कहा राष्ट्रीय भागीदारी मिशन इस संगठन के तहत आदिवासी दलित अल्पसंख्यक पिछला सभी को साथ में लेकर सभी की भागीदारी की बात करता है और सभी को न्याय दिलाना सभी की सुरक्षा करना सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की लड़ाई लड़ रहा है योगेश सर ने कहा दया नहीं अधिकार चाहिए संविधान का राज चाहिए इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक रहे राजेंद्र पासी ने कहा रोजगार धन धरती सॉरी लेकर रहेंगे भागीदारी कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के मीडिया प्रभारी शीतांशु मौर्य ने किया यह उनके सहयोगी साथी संजय पासी सज्जन सैनी भगवान दीन गौतम गिरधारी राजू साहू अभय प्रताप सिंह भोला पासी गोलू रावत राम सजीवन यादव पूर्व प्रधान देशराज यादव सौरभ देव सागर पटेल शिव रचित मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# महिला पुलिस ने छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति





पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार* के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/ छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीएम शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं- महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ऑपरेशन गरुण चलाया जा रहा है । एसिड की अवैध बिक्री के विरुद्ध ऑपरेशन शील्ड अभियान चलाया जा रहा है। अश्लील सीडी/डीवीडी/ पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ऑपरेशन डेस्ट्राय चलाया जा रहा है ।

## चोरी के अभियक्त को न्यायालय द्वारा 3000 रु. अर्थदण्ड व सजा

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में थाना को. उतरौला क्षेत्र के वादी मो. सई पुत्र सलामत नि. भगनाजोत थाना को. उतरौला बलरामपुर की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना को. उतरौला पर मुअसं. 161/88 धारा- 380 भादवि. बनाम संतोष पुत्र लल्लू नि. भगना जोत नन्दमहरा थाना को. उतरौला बलरामपुर पंजीकृत किया गया।



नयायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी सुभाषचन्द्र यादव सहायक अभियोजन अधिकारी, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान एवं थाना को. उतरौला पुलिस के न्यायालय पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय सीजेजेडी/जेएम उतरौला द्वारा अभियुक्त संतोष को धारा 380 भादवि. के अपराध में 3000 रु. अर्थदण्ड व जेल में बितायी गयी अवधि की सजा सुनाई गयी।

## बुढ़ापे को बुलावा

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततरू शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व कार्बोहाइड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

# शोध बढ़ाकर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाये

डॉ. आर.के. सिन्हा

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से देश की बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर लोकप्रिय हो सकेंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला होलिस्टिक हेल्थ सेंटर में ठहरे। तीन दिनों की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज़्यादा सही रहेगा।

पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। खास बात यह है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इनमें गहन शोध होना ही चाहिए।



पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी जोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफ़ेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं। भारत की जैव विविधता ने सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पोषित किया है और इन पद्धतियों को अद्वितीय उपचार विकसित करने का अवसर प्रदान किया है। ये चिकित्सा पद्धतियाँ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पद्धतियाँ सदियों से भारतीय समाज के जीवन में अंतर्निहित हैं और लोगों के स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन पद्धतियों को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी वृद्धि होती है।

यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा। इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावा करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर ख़ारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है।

भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हज़ारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेज़ी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हज़ारों अत्यंत पढ़े- लिखे और समृद्ध लोग आख़िर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर, लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं।

भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये पद्धतियाँ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करती हैं और अक्सर कम खर्चीली होती हैं, जिससे वे आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर इन पद्धतियों पर ही निर्भर रहते हैं क्योंकि ये उनके सांस्कृतिक परिवेश और आर्थिक स्थिति के अनुकूल हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी जोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफ़ेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं। भारत की जैव विविधता ने सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पोषित किया है और इन पद्धतियों को अद्वितीय उपचार विकसित करने का अवसर प्रदान किया है। ये चिकित्सा पद्धतियाँ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पद्धतियाँ सदियों से भारतीय समाज के जीवन में अंतर्निहित हैं और लोगों के स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन पद्धतियों को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी वृद्धि होती है। आयुर्वेद और योग जैसे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ने विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है। इनकी मांग बढ़ने से भारत के लिए आर्थिक अवसर भी पैदा हुए हैं। पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित उद्योगों का विकास भारत की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान दे सकता है।

हालांकि, इन पद्धतियों को आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है कि इन पद्धतियों का वैज्ञानिक सत्यापन किया जाए और उनकी प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, इन पद्धतियों के व्यावसायीकरण को नियंत्रित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उचित विनियमन की भी आवश्यकता है। एक बात फिर दोहराना चाहता हूं कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, आदि पद्धतियों से जुड़े विद्वानों को अपने अनुसंधान को और गहन करना होगा। वैज्ञानिक पद्धति से किए गए शोध इन पद्धतियों के लाभों, कार्यप्रणाली और सीमाओं को स्पष्ट कर सकते हैं। इससे न केवल इन पद्धतियों की विश्वसनीयता बढ़ेगी बल्कि अविश्वसनीय दावों से भी बचा जा सकेगा।

पारंपरिक पद्धतियों में पाए जाने वाले औषधीय पौधों और पदार्थों का आधुनिक विज्ञान द्वारा गहन अध्ययन किया जा सकता है। इससे नई दवाओं और उपचारों का विकास संभव हो सकता है, जो कई बीमारियों के लिए प्रभावी इलाज मुहैया करा सकते हैं। बेशक, पारंपरिक औषधियों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कठोर शोध आवश्यक है। पारंपरिक पद्धतियाँ अक्सर व्यक्ति-विशिष्ट उपचार पर जोर देती हैं। शोध से यह पता चल सकता है कि किस प्रकार के रोगियों के लिए कौन-सी पद्धति अधिक प्रभावी है और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार उपचार को कैसे अनुकूलित किया जा सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

विचार

# लोकतंत्र और न्यायपालिका दोनों खतरे में

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव ने रविवार आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान वे भाजपा के राजनैतिक एजेंडे और कट्टर हिंदुत्व की सोच को आगे बढ़ाते नजर आए। जस्टिस यादव का भाषण रविवार से ही सोशल मीडिया के जरिए सब ओर पहुंच चुका है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक इस भाषण को पहुंचने में शायद दो दिन लग गए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार दोपहर को एक बयान जारी कर कहा कि उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के उस भाषण का संज्ञान लिया है। जिसे मीडिया ने प्रकाशित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बयान में कहा- इलाहाबाद हाईकोर्ट से और विवरण मंगाया गया है और मामला विचाराधीन है।

वहीं देश के वरिष्ठ वकील, राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा है कि उनकी कांग्रेस, सपा, माकपा आदि दलों के कुछ नेताओं से चर्चा हुई है और वे जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रहे हैं। कपिल सिब्बल ने इस मामले में प्रधानमंत्री और सत्तापक्ष का सहयोग मांगा है, साथ ही कहा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम को देखना चाहिए कि ऐसे लोग जज न बनें।

अदालतों में बैठे लोग हिंदुत्व की पैरोकारी कर रहे हैं, यह बात संविधान की मर्यादा, न्यायपालिका की गरिमा और लोकतंत्र के तकाजों के खिलाफ जरूर है, लेकिन संघ के निर्देशों पर नरेन्द्र मोदी के बनाए नए भारत में यह चलन बढ़ता जा रहा है। इसका सार्वजनिक इजहार तो तभी हो चुका था जब पांच जजों की पीठ ने बाबरी मस्जिद तोड़ कर खाली की गई जमीन को हिंदू पक्ष के हवाले कर दिया और फिर राम मंदिर बनाने की पूरी व्यवस्था भी कर दी। बाबरी मस्जिद तोड़ना अपराध था, यह बात सुप्रीम कोर्ट के फैसले में आने के बावजूद अपराधी खुले घूम रहे हैं, सम्मानित हो रहे हैं, यह नए भारत का सच है। पांच जजों की पीठ में शामिल तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई अब राज्यसभा सांसद हैं। इसी तरह कलकत्ता हाईकोर्ट में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस साल मार्च में अपनी अंतरात्मा की आवाज पर इस्तीफा दे दिया और फिर दो महीने बाद ही वे भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने उतर गए।

फिलहाल न्यायपालिका की साख इतनी बची है कि आसंदी पर बैठे लोगों ने पद पर बने रहते हुए चुनाव लड़ना शुरु नहीं किया है। हालांकि मोदी सरकार चाहेगी तो संविधान में संशोधन कर इसे भी मुमकिन करा देगी। आखिर देश ने मुख्य न्यायाधीश रहे डी वाय चंद्रचूड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक साथ गणेश आरती करती तस्वीरें देश ने देखी ही हैं और इस पर सवाल उठे तो पूर्व मुख्य न्यायाधीश को इसमें कुछ गलत भी नहीं लगा। बल्कि उन्होंने तो राम मंदिर पर दिए अपने फैसले के बारे में यह भी कहा है कि उन्होंने देवी प्रतिमा के सामने बैठकर इस पर मंथन किया।

हाल के इन प्रसंगों के अलावा कई और ऐसे प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें न्यायाधीश मोर के आंसुओं और मोरनी के गर्भवती होने पर ज्ञान दे रहे हैं या घृणा भरे भाषण देने वालों के चेहरों के भाव पढ़ रहे हैं कि उन्होंने गुस्से से ऐसा कहा या मुस्कुराते हुए जहर उगला। ये तमाम उदाहरण यह समझने के लिए काफी हैं कि अब देश के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका में भी ऑक्टोपस की तरह हिंदुत्व की भुजाएं दसों दिशाओं से बढ़ चुकी हैं।

सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों से देश की उम्मीदें चुकती जा रही थीं, क्योंकि यहां से जो फैसले लिए जा रहे हैं, उनमें शक्तिसंपन्न, सवर्ण तबकों को ही तवज्जो मिलती है। जो गरीब हैं, वर्ण व्यवस्था में निचले क्रम पर हैं, या अल्पसंख्यक हैं, उनके हित के लिए खैरात की तरह कुछ योजनाएं चलाई जाती हैं, ताकि वे उसी में खुश रहें। अन्याय के इस माहौल में केवल अदालत से लोगों की उम्मीदें बंधी थीं कि यहां चाहे जितनी देर लगे लेकिन जाति, धर्म, धन, लिंग सबके भेद से परे उठकर इंसाफ हासिल होगा। लेकिन जस्टिस शेखर कुमार यादव के भाषण से उस उम्मीद पर एक गहरा प्रहार हुआ है। गौरतलब है कि विश्व हिन्दू परिषद के विधि प्रकोष्ठ (लीगल सेल) ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें जस्टिस शेखर यादव के अलावा इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक और मौजूदा जज जस्टिस दिनेश पाठक भी शामिल हुए थे।



कार्यक्रम में व्क्फ बोर्ड अधिनियम, धर्मान्तरण-कारण एवं निवारण और श्समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता जैसे विषयों पर चर्चा हुई, जिससे समझ आता है कि इस आयोजन का मकसद क्या था। जस्टिस शेखर यादव ने समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है? जस्टिस यादव ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आलोचना करते हुए कहा कि हमें किसी का कष्ट देखकर कष्ट होता है, लेकिन आपके यहां ऐसा नहीं होता है। उन्होंने लोकतंत्र को धता बताते हुए यहां तक कह दिया कि हिन्दुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यक के अनुसार ही देश चलेगा। यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो भैय्या बहुसंख्यक से ही चलता है। परिवार में भी देखिए, समाज में भी देखिए। जहां पर अधिक लोग होते हैं, जो कहते हैं उसी को माना जाता है। इसके अलावा सांप्रदायिक नफरत जाहिर करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द कठमुल्ला का इस्तेमाल करते हुए जस्टिस शेखर यादव ने ये भी कहा कि कठमुल्ले देश के लिए घातक हैं। जो कठमुल्ला हैं, शब्द गलत है लेकिन कहने में गुरेज नहीं है, क्योंकि वो देश के लिए घातक हैं। जनता को बहकाने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े इस प्रकार के लोग हैं, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। जिस तरह से भाजपा और संघ के राजनैतिक एजेंडे को जस्टिस यादव ने आगे बढ़ाया है, उसकी जितनी निंदा की जाए, वो कम है। देश में इस भाषण की काफी चर्चा हो रही है और न्यायपालिका से जुड़े कई लोग इस पर चिंता भी जतला रहे हैं। लेकिन अब वक्त आ गया है कि चिंता जताने से आगे बढ़कर ऐसे अलोकतांत्रिक, सांप्रदायिक और संकुचित विचार रखने वाले न्यायाधीशों पर सीधी कार्रवाई हो, वर्ना न्यायपालिका की साख तो इसमें खत्म होगी ही, लोकतंत्र को जिंदा रखना भी मुश्किल हो जाएगा।

साहित्य

## खुद से एक सवाल पूछो



उज्जवल कुमार

खुद से एक सवाल पूछो
काटे कितने बवाल पूछो

कोई और पूछे उससे पहले
अपने दिल का हाल पूछो

इश्क़ में है बरबाद लाखों
मुझसे ना कोई मिसाल पूछो

पूछो जब भी किसी का हाल
दिल को अपने संभाल पूछो





## राशिफल

**मेषः-** आप वाक्चातुर्य से मीठे सम्बंध बांध सकेंगे, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रुप से समृद्धि बढ़ेगी।

**वृषभः-** आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। परिश्रम की अपेक्षा कम प्राप्ति होने पर भी अपने कार्य में आप अग्रसर हो सकेंगे।

**मिथुनः-** भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्रीवर्ग से सम्बंध न बांधें। मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने में बाधा आ सकती है। प्रवास टालें।

**कर्कः-** आज का दिन प्रफुल्लितता से भरा रहेगा। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से भेंट होने से आनंद हो सकता है।

**सिंहः-** आपके लिए मिश्र फलदायी है आज का दिन। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय बिताएंगे। उनका सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्याः-** आज का दिन परोपकार और सदभावनाओं में बीतेगा। मानसिक रूप से कार्यभार अधिक रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने से सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृश्चिकः-** आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

**धनुः-** आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मकरः-** बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ करेंगे।

**कुंभः-** आपको आज निषेधात्मक कार्यों और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह देते हैं। झगड़े- विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें।

**मीनः-** दैनिक कार्यों से बाहर निकल कर आज आप घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे समय बिताएंगे। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है।

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

*प्रियंका सौरभ*

कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफ़ारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर ज़ोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को ख़त्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की ज़रूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया।

समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को ख़त्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर ज़ोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्तवपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50प्रतिशत बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है।

शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ : शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है। आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दबाव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरुआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफ़ लाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है।

स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिए जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडल क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा।

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चिल्ली गांव में मंडलायुक्त ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

**▸ कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने हर घर पानी न पहुंचने पर नमामि गंगे के अधिकारियों को लगाई फटकार**

क्षेत्र के चिल्ली गांव में चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जहां कमिश्नर ने हर घर पानी न पहुंचने पर नमामि गंगे के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। साथ ही हर घर में पानी भेजने के दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर कमिश्नर ने ग्राम सचिव चिल्ली को प्रतिकूल प्रविष्टि देने व वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यक्रमो में शिथिलता पर उन्होंने एमओआईसी गोहांड का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

बुधवार को कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने चिल्ली गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में ग्रामीण खुन्टा ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत जो पेयजल योजना चलाई जा रही है। उसमें आधे ग्रामीणों को पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही। एक दिन छोड़कर दूसरे दिन ग्रामीणों को पानी की सप्लाई दी जा रही है। हरिजन बस्ती में तो पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है। इस दौरान कमिश्नर ने जल जीवन निगम की अनीता जयसवाल द्वारा प्रतिदिन ड्यूटी पर न पर जमकर फटकार लगाई। ग्रामीणों ने भी गांव न आने की बात बताई है। इस दौरान कमिश्नर ने कहा कि बुंदेलखंड पानी की समस्या से जूझ रहा है। इसके लिए सरकार ने खेत खोद तालाब योजना चलाई है। इसमें किसान खेत में तालाब खोदकर पानी भर सकते हैं। पानी को बर्बाद न करें।सरकार किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री किसान योजना, किसान सम्मान निधि योजना चला रही है। गांव की मुख्य सड़क खराब होने पर उसे जल्द ठीक कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। इसके बाद कमिश्नर ने पंचायत घर, बारात घर सहित सरकारी राशन की दुकान का निरीक्षण किया। गांव की व्यवस्था देखते हुए कमिश्नर ने प्रधान की तारीफ करते हुए पीठ थपथपाई। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डीपीआरओ जीतेन्द्र मिश्रा, डीएसओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी रामलखन गुर्जर, बीसी मनरेगा राघवेन्द्र सिंह, एसडीएम अभिमन्यु कुमार, पीडीडीआईडी साधना दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों में समय से नहीं पहुंच रहे अध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी बोले- जारी होगी नोटिस

**मौदहा, हमीरपुर।** सरकारी स्कूलों में अध्यापकों ने समय से न पहुंचने तथा विद्यालय समय से न खोलने की मानो कसम खा ली है जिसमें नगर क्षेत्र के पांच विद्यालय बुधवार को दोपहर तकरीबन 11 बजे तक बंद रहे, वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने जरूर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी करने की बात कही है। नगर क्षेत्र में स्थित 5 सरकारी विद्यालयों की दुर्दशा दयनीय है तो वहां तैनात अध्यापकों की दुर्दशा विद्यालय से भी बदतर हो गई है क्योंकि यहां तैनात अध्यापक न तो समय से स्कूल पहुंचते हैं और न ही स्कूल खोलते हैं। बुधवार को दस बजे के बाद अभिभावकों की सूचना पर की गयी जांच में प्राथमिक विद्यालय चौधराना प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस प्राथमिक विद्यालय नवीन उपरौस प्राथमिक विद्यालय हैदरिया तथा प्राथमिक विद्यालय हुसैनिया में सुबह तकरीबन 11 बजे ताला लगा पाया गया। फिलहाल खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नामित सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

## बांदा ने गोरखपुर और मौदहा ने चरखारी को पांच बड़े अंतर से हराकर फाइनल में बनायी जगह

**▸ निजामी स्पोर्ट्स मौदहा के आकिब बने मैन ऑफ द मैच**

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



मौलाना सलीम मेमोरियल खेल महोत्सव के आखिरी चरण में शुरू हुए हाकी टूर्नामेंट के मैच में बांदा ने गोरखपुर और निजामी स्पोर्ट्स मौदहा ने चरखारी को 5.0 के बड़े अंतर से हरा दिया कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के तीसरे चरण में बुधवार से शुरू हुए 16 वर्षीय हाकी टूर्नामेंट में पहला मुकाबला पड़ोसी जनपद बांदा और पूर्वांचल की टीम गोरखपुर से हुआ। जिसमें दो हाफ की जगह चार क्वार्टर में खेले गए मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक एक गोल कर मैच को रोमांचक बना दिया और दर्शकों ने कांटे के मुकाबले की उम्मीद जताई थी लेकिन दूसरे क्वार्टर में बांदा की टीम ने दूसरा गोल कर मैच में बढ़त हासिल कर ली इसी तरह तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने जमकर पसीना बहाया और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी लेकिन मैच के आखिरी क्वार्टर के आखिरी मिनटों में गोरखपुर की टीम ने शानदार फील्ड गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया और अब मैच को पूरी तरह से टाई ब्रेकर में बांध दिया गया था जबकि बांदा की टीम ने चार शूट को गोल में बदलकर मैच को 6.4 से जीत लिया। इसके बाद मैच के मुख्य अतिथि पूर्व सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और भारत सरकार को अभी भी अपनी सेवाएं दे रहे अब्बरार अहमद रहे। जबकि पहले मैच में निजामी स्पोर्ट्स एकेडमी मौदहा ने बांदा अण्डर 14 को आसानी से हराकर अगले नाक आउट दौर में प्रवेश किया जहां पर निजामी स्पोर्ट्स एकेडमी का मुकाबला चरखारी एकादश से खेला गया। जिसमें निजामी स्पोर्ट्स ने शुरुआत में ही अपने पहले हाफ मे बांदा के ऊपर दबाव बनाते हुए लगातार दो फील्ड गोल कर मैच अपने पाले में कर लिया इसके बाद दूसरे हाफ में तीन गोल कर मुकाबला 5.0 से जीत लिया। मुकाबले में रैफरी की भूमिका बबलू पठान और अबरार अहमद ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल, डॉ इमामुद्दीन, सोना चौधरी सहित समस्त कमेटी सदस्य एवं सैकड़ों दर्शन ग्राउंड पर उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस प्रशासन के लचर रवैया से धोखेबाजों का बोलबाला

**मौदहा(हमीरपुर)।** धोखेबाज दिन प्रतिदिन कमजोर वर्ग के लड़कों को ज्यादा कमाई के सपने दिखाकर अपने जाल में फंसाकर विदेश भेजने की बात कहते हुए तीन लाख रूपये से अधिक प्रति युवक ऐंठने का कार्य शुरू कर देते हैं। इतना सबकुछ होने के बाद जब पीड़ित इन कबूतरबाजों की शिकायत कोतवाली अथवा मुख्यालय लेकर जाते हैं तो अफसोस की बात कि पुलिस प्रशासन के लचर रवैया के चलते इन धोखोबाजों पर कोई कार्यवाही न होने पर इनके हौसले बुलंद हो जाते हैं। यहां बैठे कबूतर बाज पुलिस प्रशासन से अपनी पैठ बनाए हुए हैं जिससे इनके ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होती चाहे पीड़ित कोतवाली जाए या क्षेत्राधिकारी कार्यालय जाए अथवा मुख्यालय। हालांकि सभी जगह से जांच करने की बात तो कही जाती है लेकिन जांच कब पूरी होती है यह किसी को पता नहीं होता। इस सबके दरमियान कबूतर बाज अपना काला व्यवसाय लगातार जारी रखते हैं। अगर बात करें बड़े कबूतरबाजों की तो कई वर्ष पहले यहां के एक बड़े धोखेबाज सैफुल नामक व्यक्ति पर जरूर शिकंजा कसा गया था लेकिन धन बल पर वह क्लीन चिट पाकर फिर से उसी व्यवसाय में और अधिक संलिप्त हो गया क्षेत्र के भोले भाले गरीब युवकों को ज्यादा पैसे कमाने की जाल में फंसा कर उनको बड़े.बड़े सपने दिखाकर विदेश भेजने की बात कहते हुए भारी भरकम रुपए ऐंठना उसके बाएं हाथ का खेल हो गया है।

### प्रेमिका ने एक माह संर्षघ के बाद प्रेमी से रचायी शादी



**राठ(हमीरपुर)।** दो माह पहले नोएडा से आई प्रेमिका ने प्रेमी से आखिरकार गांव में स्थित मंदिर में शादी रचा ली है। प्रेमिका प्रेमी के साथ उसी के घर में प्रेमी के स्वजनों से अलग रह रही हैं। मुंबई के शिवाजी नगर थाना अंतर्गत गोवन्डी गांव निवासी आफरीन पुत्री जहांगीर ने बताया कि वह नोएडा की एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर है। राठ कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी रामसिंह यादव भी वहीं फैक्ट्री में काम करता है। तीन साल से रामसिंह शादी का झांसा दे रहा था। शादी के लिए जब उसने दबाव बनाया तो वह वहां से अपने घर भाग आया। सात नवंबर को वह नोएडा से रामसिंह के घर आईं थीं। तभी से वह रामसिंह के यहां है। लेकिन उसके स्वजन उसे नहीं अपना रहे हैं। रामसिंह व उसके भाई जितन संतोष पिता मुन्ना व मां ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट भी की थी। जिसका उसने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा की डर से ही रामसिंह ने उससे गांव के मंदिर से शादी रचाई है। लेकिन अब उसके घर वाले नहीं अपना रहे हैं। बताया कि अगर कोई घटना होती तो वह कानून का सहारा लेंगी।

### बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से आहत पूर्व सैनिकों ने कार्रवाई की मांग की



**राठ(हमीरपुर)।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग में व्याप्त दलाली घूसखोरी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में पूर्व सैनिकों सहित हिंदू युवा संगठन ने लामबंद होते हुए मोर्चा खोल दिया। दर्जनों पूर्व सैनिकों और हिंदू युवा संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को विधायक मनीषा अनुरागी व एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदानंद खरे महेश यादव सुनील तोमर उदेश फौजी दृगपाल सिंह जानकी प्रसाद हबीब खानएहरी सिंह संतोष सिंह इंद्रजीत सिंह उदय प्रताप सिंह बृजेश कुमार द्विवेदी जोगिंदर सिंहए अखिलेश कुमार अर्जुन सिंह सहित हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने बताया कि राठ बिजली विभाग कार्यालय में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार घूसखोरी दलाली और अनियमितताएं फैली हुई हैं। पूर्व फौजी महेश यादव ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति की बिजली चोरी पकड़ने के संबंध में जब वह उक्त व्यक्ति के साथ उपखंड अधिकारी के कार्यालय में निस्तारण के लिए गया तो उपखंड अधिकारी शिवेंद्र सिंह ने उससे 30 हजार रुपये की मांग की। वजह पूछने पर उसे कार्यालय से बाहर निकलने के लिए कहा। पूर्व सैनिकों ने क्षेत्रीय विधायक व एसडीएम से विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

### नलकूप के कोठरी की छत गिरने से मजदूर की मौत

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** बुधवार दोपहर रेवना थाना क्षेत्र के गाव डोभा में नलकूप की कोठारी की छत गिरने से मजदूर की मौत हो गई। उत्तेजित परिजनों ने सीएचसी घाटमपुर के सामने मूसानगर रोड पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस परिजनों को समझा बूझकर जाम खुलवा और को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। बताया जाता है कि गांव निवासी उक्त युवक मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के नलकूप में बनी कोठरी की छत तोड़ने गया था। बताते है छत तोड़ने के दौरान छत का मलवा काम कर रहे मजदूर के ऊपर गिर गया। घायल मजदूर को परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लोडर और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**घाटमपुर।** बुधवार देर शाम लीडर वाइफ की टक्कर में व्हाइट सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए घाटमपुर सीएससी में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे की एक अन्य घटना बुधवार को ही कानपुर सागर हाईवे पर ग्राम गुजेला के पास हुई जहां एक खड़े ट्रक में पीछे से कार घुस गई जिसमें कार सवार पांच लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए पुलिस सीएससी घाटमपुर में भर्ती कराया। डॉक्टर ने इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है घायल लोग एक बारात से वापस लौट रहे थे कि तड़के हादसा हो गया।

### महोबा में एसडीएम के कड़े तेवर के बाद हाईवे पर लगा जाम खुला

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 3 घण्टे से लगे किसानों के प्रदर्शन और जाम का जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है। पीसीएम खरीद केंद्र के पास पहुंचे एसडीएम ने लंबा जाम देखते ही कड़ा रुख अपनाते हुये अपने हाथों से सड़क पर रखी झाड़ियों को फेंक जाम खुलवा दिया है। महोबा सदर एसडीएम जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में सरकारी मूंगफली खरीद केंद्र सूपा ओर पचपहरा में शासन के लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करीब करीब पूरी कर ली गई है। उन सभी केंद्रों में खरीद बन्द होने के चलते किसान पीसीएफ केंद्र हो रही सरकारी मूंगफली खरीद केंद्र में आ गए है। किसानों द्वारा लक्ष्य ओर बढ़ाये जाने की मांग की गई है। जिसके आधार पर डीएम के द्वारा शासन से बात की जा रही है। जिससे किसानों की मूंगफली की फसल की खरीद की जा सके।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** रुपये के लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने बुधवार को दोषी को आजीवन कारावास सुनाते हुए 22 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि मृतक की पत्नी को देने के आदेश भी दिए हैं।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना कुरारा के सिमरा गांव निवासी शिवस्वरूप ने 25 मार्च 2017 को थाना कुरारा में तहरीर देकर बताया कि 17 मार्च की शाम सात बजे उसका भाई रामलखन घर से कुछ दूर स्थित लाही की फसल रखाने के लिए गया था। जहां से वह वापस नहीं लौटा। खोजबीन के बाद वह कहीं नही मिला और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। रामलखन की भतीजी सोनी के द्वारा खेत में रामलखन को नृपत के साथ शराब पीते हुए देखने की बात बताई गई। जिस पर पुलिस ने तहरीर पर लापता का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के दो दिन बाद रामलखन का शव गांव निवासी मुल्ला के खेत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना गांव के चौकीदार के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर पुलिस ने गांव निवासी नृपत के खिलाफ अपहरण हत्या समेत साक्ष्य छिपाने की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## शिरडी साई बाबा स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न

**▸ स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया**

पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।



शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में आज वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर व विशिष्ट अतिथि वतौर जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये अतिथि ने जमकर कार्यक्रम की सराहना की। राम आएंगे की धुन पर स्टूडेंट्स ने परफॉर्म किया। स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता का नब्बे वा जन्मदिन भी था। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉक्टर गुप्ता एक शिक्षाविद से कम नही इतनी उम्र में अनवरत कार्य करना हम लोगो के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। स्वागत भाषण में स्कूल संचालक उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शिरडी साईधाम ने अपने दस वर्षो में कईमुकाम हासिल किए और आज इंटर कॉलेज साइंस वर्ग से निशुल्क संचालित है और आगे भी प्रगति कर रहा है यह स्कूल किसी कान्वेंट से कम नहीं है। गौरतलब हो कि इस स्कूल में गरीब वंचित परिवारी जन के बालक बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ मुरलीमनोहर तिवारी, संजय द्विवेदी, डॉ. मंगल महान, नीरज द्विवेदी, प्रकाश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा सहित टीचर, स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

## पीआरडी जवान के बेटे की हत्या करने वाले दो वांछित गिरफ्तार

**महोबा।** कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पचपहरा गांव से बीते 7 दिसंबर की रात्रि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ जिसमें एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गये, जिसमें दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को धारदार हथियार से चोटें आयीं जिससे उनकी दु:खद मृत्यु हो गयी। इस सूचना पर तत्काल ही पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल सहित जनपद के समस्त उच्चाधिकारी मय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व घटना स्थल का मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। इस सन्दर्भ में प्राप्त तहरीर के आधार थाना कोतवाली नगर में गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी एवं थाना कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीमों को लगाया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अर्जुन सिंह मय टीम व जनपदीय एसओजी प्रभारी शिवप्रताप सिंह मय टीम के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त अमित कुमार अहिरवार पुत्र विनोद उम्र करीब 19 वर्ष, पवन पुत्र विनोद अहिरवार उम्र 20 वर्ष को मय आलाकत्ल चाकू व कुल्हाडी के साथ अभियुक्त अमित को राजेन्द्र कुमार न्यायमूर्ति के फार्म हाउस के पास महोबा कुलपहाड़ रोड व अभियुक्त पवन को रेलवे स्टेशन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। शेष वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

## छात्र देश के नेतृत्वकर्ता: शिव राजे

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।




भारतीय विद्यार्थी परिषद घाटमपुर नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार में अभाविप की भूमिका विषय पर प्रस्ताव पारित हुआ। उसी क्रम में छात्र संवाद कार्यक्रम घाटमपुर में संपन्न हुई जिसमें विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत की प्रांत मंत्री बहन शिव राजे बुंदेला का रहना हुआ। प्रांत मंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा जगत में करता करते हुए कैसे विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्र हित के लिए कार्य करने वाले युवाओं की एक बहुत बड़ी शृंखला तैयार की है जो आज देश की दिशा तय कर रहे हैं।

विभाग संगठन मंत्री निर्भय प्रताप ने बताया कि अभाविप से निकला छात्र आज समाज के हर क्षेत्र में अग्रणीय पक्ति में कार्यकर्ता हुआ मिलेगा जिस कारण आज हमारा देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। जब जब देश में कोई चुनौती आती है तब तब एबीवीपी देश के लिए कार्यकर्ता मिलेगा। आज जब बांग्लादेश में समस्या चल रही है, उसके समाधान के लिए भी परिषद का प्रतिनिधि मंडल कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चंदेल ने किया कार्यक्रम में राहुल राजावत नगर अध्यक्ष व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीलिमा आर्य ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुमित सिंह नगर मंत्री कृष्ण बाजपेई प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवांग सिंह जी, अरुण शर्मा, पुनीत शर्मा और उत्कर्ष शुक्ल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किया गया गणित मेले का आयोजन




**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर के मूसानगर रोड़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को गणित मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग, सब सीनियर वर्ग, एवं जूनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा और निकटस्थ विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गणित में मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे घाटमपुर तहसीलदार लक्ष्मी नारायण वाजपेई, एवं विशिष्ट अतिथि डाक्टर विजय कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य रुपरानी सुखनंदन सिंह महाविद्यालय नौबस्ता कानपुर के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पण एवं वंदना के साथ किया गया। गणित मेले के आयोजन का उद्देश्य गणितीय अवधारणाओं एवं नियमो, आकृति, गणितीय सूत्र, विभिन्न गणनाएं, सांख्यिकी आदि से सम्बन्धित आंकड़ों को निकालने को लेकर प्रदर्शन के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थीयों को जागरूक एवं रूचि विकसित करना था। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। गणित मेले में संस्था के शिक्षक लक्ष्मी दमेरिया, आशा देवी प्रथम, आशा देवी द्वितीय, कंचन वर्मा एवं प्रा. वि. सिहारी के मोहम्मद तारिक, पूजा गुप्ता, व संस्था के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लैंगिक उत्पीड़न के बारे में किया जागरूक



**चरखारी, महोबा।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न अधिनियम 2013 जागरूकता कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग एवं ग्रामीण स्वावलम में समिति के समन्वय से किया गया। जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रबंधक क्षमा द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा छेड़छाड़ बलात्कार एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, निवारण, प्रतिषेध एवं आंतरिक समिति एवं स्थानीय समिति के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया एवं केस वर्कर रीना द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, केस वर्कर अर्चना द्वारा वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे प्राप्त होने वाले सुविधाओं तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दिया गया। सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 1098 1076, 102, 108, 181 के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक नेहा चरखारी से, ग्रामीण स्वावलंबन समिति से जूली चौरसिया एवं प्रधानाचार्य निर्दोष कुमार प्रवक्ता इलेक्ट्रॉनिक, डॉ. विजय यादव प्रवक्ता, साहिल सोनी पुस्तकालय अध्यक्ष व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## पीआरडी जवानों ने रस्साकसी प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

महोबा, समृद्धि न्यूज़।






युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित 76वां पीआरडी स्थापना दिवस का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व द्वारा परेड का मान प्रणाम लिया गया। बृजेन्द्र कुमार जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी एवं रामचन्द्र कीडाधिकारी द्वारा बुके एवं बैच अलंकरण करते हुये सम्मानित किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा 22-22 जवानों की तीन टोलियों की परेड का मान-प्रणाम स्वीकार किया गया। इसके उपरान्त टोलियों के कमाण्डरों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार दिया गया साथ ही इस अवसर पीआरडी जवानों द्वारा रस्साकसी में प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया गया। जिसमें रस्साकसी प्रतियोगिता में विकास खण्ड चरखारी की टीम विजेता एवं विकास खण्ड पनवाडी की टीम उपविजेता रही द्य जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी के बच्चों की ने परेड में हिस्सा लिया विजेता प्रतिभागियों को अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण करते हुये सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त पीआरडी जवानों को शुभकामनायें दीं और कहा कि यह जवान भी वर्तमान में पुलिस के साथ बहुत सराहनीय योगदान कर रहे हैं। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी को जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया द्य कार्यक्रम में अमर सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, कार्यक्रम प्रभारी, उप कार्यक्रम प्रभारी शिवशंकर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि. अधिकारी अरूणा सिंह, कनिष्ठ सहायक, पुष्पेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर रामस्वरूप विश्वकर्मा, ब्लॉक कमाण्डर आदि द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया गया। जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी द्वारा सभी आये हुये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सभी पीआरडी जवानों को स्थापना दिवक के अवसर पर अच्छा कार्य करने के लिये धन्यवाद देते हुये सभी का आभार प्रकट किया गया।

## आउटसोर्स सहित अन्य कर्मचारियों के लिए कई मुद्दों पर बैठक में हुए सकारात्मक निर्णय

**महोबा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारियों के संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्रियों की एक बैठक मुख्य सचिव कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की तरफ से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जे एन तिवारी, महामंत्री अरुणा शुक्ला एवं उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया उपस्थित थे। संयुक्त परिषद के एसपी तिवारी हरी किशोर तिवारी एवं अरविंद वर्मा गुट के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में की गई चर्चा का हवाला देते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने एक विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि कर्मचारियों की सामान्य मांगों पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मजबूती के साथ पक्ष रखा। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाने, न्यूनतम मानदेय निर्धारित किए जाने, 2001 के बाद नियुक्त ऐसे संविदा कर्मियों, जिनको उनके पद का न्यूनतम ग्रेड वेतन एवं महंगाई भत्ता मिल रहा है तथा चयन समिति के माध्यम से उनका चयन किया गया है, उनको नियमित किए जाने, विभागीय संगठनों की मांगों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा वार्ता किए जाने, मान्यता प्राप्त संगठनों को विशेष अवकाश दिए जाने के आदेश का कड़ाई से अनुपालन किए जाने तथा बायोमेट्रिक से छूट दिए जाने के शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन किए जाने सहित कर्मचारियों की वेतन विसंगति पर मुख्य सचिव समिति द्वारा समय बद्ध निस्तारण कराए जाने, रिक्त पदों एवं पदोन्नति के पदों को भरे जाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि आउटसोर्स कर्मचारी के संबंध में प्रस्ताव शीघ्र ही कैबिनेट से पारित कराया जाएगा। आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम 20 हजार मानदेय देने पर सरकार विचार कर रही है। अन्य मांगों पर भी मुख्य सचिव ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## हास्य योग के साथ मनाया ओशो का 93वां जन्मोत्सव उनके ध्यान को बताया मन की सबसे बड़ी दवा

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



बीसवीं सदी के सबसे क्रांतिकारी संत ओशो का 93वां जन्मोत्सव आज गोरखगिरि पर्वत के ऊपर हास्य योग के साथ मनाया गया। कड़ाके की ठंड के बीच दो हजार फीट की ऊंचाई पर सूर्योदय होते ही अनुयायियों व प्रशंसकों ने सबसे पहले ओशो का बहुचर्चित सक्रिय ध्यान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ओशो संन्यासी स्वामी अंतर्यात्री ने बताया कि ओशो ने ध्यान को मन की सबसे बड़ी दवा की संज्ञा दी एवं दुनिया को ध्यान की 112 विधियों का तोहफा दिया लेकिन हम इस बेशकीमती तोहफे का लाभ नहीं ले पा रहे। ओशो के जीवन, कृतित्व और आध्यात्मिक क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए स्वामी अंतर्यात्री ने कहा कि ओशो का जन्म 1931 में मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के कुचवाड़ा में बाबूलाल व सरस्वती जैन के घर हुआ। वे तैरापंथी दिगंबर जैन थे। सागर विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र में परास्नातक डिग्री लेने के बाद वे जबलपुर विश्वविद्यालय में प्रवक्ता हो गये। उसके बाद उनकी क्रांतिकारी आध्यात्मिक यात्रा शुरू हुई जो आज पूरी दुनिया में ज्ञान और ध्यान योग का प्रचार प्रसार कर रही है। उनकी ध्यान विधियों में नृत्य व संगीत का अदभुत समावेश है। इसी वजह से पश्चिमी देशों में लोग सबसे ज्यादा आकर्षित हुए। भारत में लोग उनकी ध्यान विधियों से अभी कम परिचित हैं। जो प्रबुद्ध वर्ग पहले उनका विरोध करता था अब चाव से उनके प्रवचन सुनता है। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, गया प्रसाद कोस्टा, डा. देवेन्द्र पुरवार, मनीष जैदका, अशोक बाजपेई व मोनू गुप्ता समेत लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने पीआरडी जवानों की सुरक्षा में भूमिका को सराहा

- प्रांतीय रक्षक दल के 76वें स्थापना दिवस पर जवानों को दी बधाई
- इंदिरा स्टेडियम में लाइट व्यवस्था व कबड्डी मैट देने की घोषणा



उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

बुधवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में इंदिरा स्टेडियम में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल का 76वां स्थापना दिवस मनाया।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में पीआरडी जवानों की सुरक्षा में भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने इंदिरा स्टेडियम में लाइट व्यवस्था व कबड्डी मैट देने की घोषणा की। राजेश कुमार पांडेय जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में सबसे पहले जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी, आपने अपने कर्मकौशल से बहुत अच्छी परेड का एक अच्छा तालमेल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विधायक सदर विकास के पथ पर तत्पर रहते हैं, अभी इंदिरा स्टेडियम में लाइट व कबड्डी मेट की व्यवस्था की घोषणा की।

जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक से कहा कि धनराशि अवमुक्त करके अतिशीघ्र काम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि सदर विधायक हमेशा ही विकास के क्षेत्र में गौशाला हो या कोई भी काम हो उसमे आप बढ़-चढ़ कर जनहित में कार्य करते है, जनपद के विकास में आपका बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा है कि यहां पर जवानों द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है, इसके लिए पूरी टीम और टीआई को बधाई दी और उम्मीद है कि आप आने वाले समय मे जो आपकी कुशलता, कौशल है वह और अच्छा निखर के आएगा। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कानून व्यवस्था, ड्यूटी संभालने में पीआरडी के जवान बहुत महत्वपूर्ण कड़ी का निर्वहन कर रहे है, बिल्कुल कदम से कदम मिलाकर जिम्मेदारी से निर्वहन कर रहे है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पीआरडी जवानों द्वारा अनुशासन का परिचय देते हुए बेहतर परेड की गई। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवान की एक टुकड़ी तैयार करके आगामी 26 जनवरी 2025 के लिए परेड में सम्मिलित होगा, इससे जुड़े अधिकारी अर्चना प्रजापति व टीआई को जिम्मेदारी दी गई है कि पीआरडी की टुकड़ी को अच्छे से तैयार कराये ताकि जब परेड 26 जनवरी 2025 को हो तो वह टुकड़ी पुरस्कार जीतने में कामयाब हो सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एमएसबी कालेज के निरीक्षण में एसडीएम को कम छात्र मिलने पर जतायी नाराजगी

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज। बुधवार को स्थानीय नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एमएसबी इंटर कॉलेज में शिक्षा की हकीकत को परखने के लिये उप जिलाधिकारी सुशील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की संख्या कम होने पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप उप जिलाधिकारी ने एमएसबी इंटर कालेज कालपी का निरीक्षण किया। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से कई विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे, बच्चों के सही जबाव देने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसी क्रम में उन्होंने विद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 9 सौ है। जबकि मे करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित पाये गए। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने शिक्षकों से विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक रखी जाए तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढाई जाए।

## जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न न्यायालयों में चल रहे मुकदमों के विषय में शासकीय अधिवक्ताओं व सम्बन्धित अधिकारियों से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज गंभीर मुकदमों में पुलिस को प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गंभीर धाराओं के मुकदमों में पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट साक्ष्यों के साथ लगाते हुए प्रभावी पैरवी करें जिससे अपराधियों को कड़ी सजा मिल सके। इसके अलावा शासकीय अधिवक्ताओं को भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, सहित शासकीय अधिवक्तागण और सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम की सफाई व्यवस्था हो रही चौपट

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। हरख विकास खंड की ग्राम पंचायत तीरगांव के अंतर्गत टेरी गांव में साफ-सफाई की स्थिति दयनीय बनी हुई है। गांव की नालियां कचरे से पूरी तरह पटी हुई हैं और घरों का दूषित पानी सड़कों पर बह रहा है। इस समस्या के कारण ग्रामीणों को गंदगी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा गहराता जा रहा है। ज्ञात हो कि स्थानीय निवासी रमेशचंद्र, राम सिंह, दिनेश, पप्पू और देवीदीन ने बताया कि पिछले चार वर्षों से मुख्य नाले की सफाई नहीं हुई है। नाले में कचरा और मिट्टी जमा हो गई है, जिससे वह सड़क के बराबर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक अधिकारियों तक सफाई की शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव की बदहालस्थिति पर ग्रामीणों ने चिंता जताई है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। वहीं, खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने बताया कि मामले की उन्हें जानकारी नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जांच कराई जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे।

### सीडीओ ने की ई-आफिस क्रियान्वन की समीक्षा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता मे विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में ई ऑफिस के क्रियान्वन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से क्रमवार ई ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में प्रगति जानी और समस्त अधिकारियों को ई ऑफिस से संबंधित समस्त औपचारिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ई आफिस बनाने के लिए अधिकारियों औरं कर्मचारियों को कल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि ई ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। प्रत्येक पत्रावली पर डिजिटल हस्ताक्षर बनाए जाएंगे। ई-मेल का प्रयोग होगा, रजिस्टर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी और पटल सहायकों का ई-मेल आइडी बनेगी। इसके बाद डिजिटल हस्ताक्षर बनाए जाएंगे, जिससे ई- आफिस का काम होगा। उन्होंने बताया कि विकास विभाग को पेपर लेस बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सभी पटल सहायक की ई-मेल आइडी और डिजिटल हस्ताक्षर बनाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग ई-मेल आइडी विभाग से जरूर जनरेट करा लें। ई-जिला प्रबंधक धर्मेंद्र उपाध्याय सं ने बताया कि विभागों में अब सभी कार्य आनलाइन होंगे। जो हस्ताक्षर युक्त पत्रावलियां तैयार की जाती थीं, अब वह आनलाइन तैयार होंगी। पत्रावली हर पटल सहायक की ई- मेल आइडी से अधिकारियों तक जाएंगी। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, डीपीआरओ नीतेश भोंडेले, बीएसए संतोष देव पांडे, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### हरिनाम संकीर्तन यात्रा से नगर का वातावरण हुआ हरिमय



जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। श्रीमद भगवत गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी पर नगर में श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। हरिनाम संकीर्तन से नगर का वातावरण हरिमय हो गया। श्रीहरिनाम संकीर्तन सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद भगवत गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण से 18वीं श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा संपूर्ण नगर में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण के पूजन के साथ सामूहिक गीता पाठ किया गया। इसके बाद रथ पर विराजमान भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण का पूजन महंत विजयराम दासजी ने किया। पूजन के बाद श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा का श्रीगणेश किया गया। जो लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर रामलीला भवन पर हनुमान जी के मंदिर, गोविंदेश्वर मंदिर, श्रीबाराहीं देवी मंदिर, बाजार में हनुमान जी मंदिर होते हुए द्वारिकाधीश मंदिर पर पहुंची। जहां भगवान द्वारकाधीश का पूजन व गीता पाठ किया गया। यात्रा बड़ी माता, फाटक वाले हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, छोटी माता मंदिर, बंबई वाले मंदिर पर पहुंची। जहां राधाकृष्ण भगवान के पूजन के साथ गीता पाठ किया गया। इसी क्रम में कुटिया वाले हनुमान मंदिर, चौकी स्थित शंकरजी मंदिर, भैरोजी मंदिर, नाना महाराज मंदिर पर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। द्वितीय चरण में अपरान्ह दो बजे से श्रीपंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज के मंदिर में संतों ने गीता के प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए। श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा में शामिल भक्त पीला कुर्ता, धोती व अंगवस्त्र पहनकर हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। यात्रा में पूरा नगर हरिमय दिखाई दिया। सभी मंदिरों के महंत और पुजारियों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर महेंद्र पाटकार मृदुल, सोहन लाल गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, वाचस्पति मिश्रा, केसी पाटकार, सुरेश हूंका, बबलू सोनी, भगवती प्रसाद मिश्रा, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, सौरभ दिवेदी, सीताराम हूंका आदि मौजूद रहे।

### राशन कोटेदार की ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। कोटेदार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन न देने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी ओमप्रकाश, बुद्धलाल, रामरतन, विनोद कुमार, रामसिया, अजब कुमार, महेश, महेंद्र सिंह आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव के कोटेदार द्वारा कार्डधारकों को पूरी सामग्री नहीं दी जाती है। आरोप लगाया कि शासन द्वारा जो सामग्री आती है उसमें तौल में गड़बड़ी कर कार्डधारकों को सामग्री दी जाती है। इतना ही नहीं समय से राशन का वितरण भी नहीं किया जाता है। कार्डधारकों को राशन लेने के लिए तीन चार बार तक चक्कर लगाना पड़ता है। इस बाबत पूर्व में भी ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई न होने मामला जस का तस चल रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि उचित दर की दुकान की जांच कराई जाए और कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए।

# टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रधानों को किया प्रशिक्षित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भू नाथ पाठक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अन्तर्गत टीबी मुक्त पंचायत हेतु ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों को मोहम्मद साविर सिद्दीकी प्रशिक्षित किया गया।



बुधवार को ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अन्तर्गत टीबी मुक्त पंचायत एंव फैमली केयर गियर विषय पर मोहम्मद साविर सिद्दीकी, शमशेर सिंह, अमित कुमार वर्मा एंव ड टीओ राजीव टन्डन ने ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिवों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षक मोहम्मद साविर ने उपस्थित ग्राम प्रधान व सचिवों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि क्षय रोगियों के परिवार के किसी एक सदस्य को फैमली केयर गियर के रुप में सक्रिय भागीदारी निभाने को प्रेरित कर प्रशिक्षित किया जाना है।

कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भू नाथ पाठक सुरेश चंद्र यादव, राजेश कुमार रावत, देवेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, कुलदीप वर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव, वेनीप्रसाद वर्मा अध्यक्ष प्रधान संघ, निसार मेंहदी, राम केदार, दिग्विजय सिंह, जयराम मौर्या रामसागर यादव, सतीश कुमार रावत, जमशेद अली आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बिजली विभाग ने ओटीएस के लिए निकाली रैली

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



आलाधिकारियों के आदेशानुसार उपभोक्ताओं को ओटीएस हेतु जागरूप करने को लेकर जैदपुर विद्युत उपकेंद्र से एक रैली निकाली गयी। जिसमें एसडीओ जेई सहित तमाम कर्मचारियों ने कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में जाकर एक मुश्त योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ताओं से अपील करते देखे गये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह दस बजे एस डीओ संदीप सिंह के नेतृत्व में विद्युत वितरण उपकेंद्र जैदपुर से उपभोक्ताओं को एक मुश्त योजना के लिये जागरूप करने हेतु एक भव्य रैली निकाल कर थाना चौराहा बड़ी बाजार छोटा इमामबाड़ा छोटी बाजार बांध मुख्किन छेदा कटरा बडापूरा, मेहंदी कटरा महमूदपुर पछदरी मोलवी कटरा अली अकबर कटरा सहित क्षेत्र के तमाम उपभोक्ताओं को ओटीएस की भारी छूट सहित विभिन्न जानकारियां दी गयी। इस मौके पर एसडीओ संदीप सिंह जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन वकार मेहंदी रोहित शुक्ला संजय सुरेन्द्र कुमार मो0 वसी मो0 फुरकान आशिफ इरशाद अंसारी, नन्दू पुल्ली, महाराज, सहित भारी संख्या में विद्युत कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि एक मुश्त योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को काफी लाभ होगा, और काफी छूट भी मिलेंगी, वहीं जल्दी आये ज्यादा लाभ पाने की भी अपील की है।

# ...मैडम छह माह से पुलिस दौड़ा रही, नहीं कर रही एफआईआर!

- राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या की जनसुनवाई में गूंजी वृद्ध महिला की शिकायत, कार्रवाई के दावों पर उठे सवाल



अयोध्या, समृद्धि न्यूज। अपने दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को अयोध्या पहुंची उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या द्वारा सर्किट हाउस में पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के पूर्व सदस्य डॉ मौर्या द्वारा पीड़ित पक्ष के बराबर बैठकर जनसुनवाई किए जाने के लिए कहा। इसके पीछे उनका तर्क यह रहा कि यहां आई महिलाएं प्रताड़ना से पीड़ित है, यदि उनके बीच बैठकर समस्याएं सुनी जाएगी तो वह खुलकर अपनी बात रख सकेगी जिसके बाद सभाकक्ष में उनके साथ अधिकारियों की कुर्सियां पीड़ित महिलाओं के बीच लगवाईं गयी।

पीड़ित महिलाओं द्वारा डॉ मौर्या के इस तर्क की चर्चा के साथ सराहना भी की गई। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित इस जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सदस्य डॉ मौर्या ने सामने आए 40 से अधिक मामलों में पीड़िता महिलाओं की समस्याएं सुनी, आरोपी पक्ष को भी मौका दिया और कुछ मामलों में संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान सर्वाधिक चर्चित मामला कोतवाली अयोध्या क्षेत्र से संबंधित एक वृद्ध महिला गोपा विश्वास का था जिसे सुनकर उनके होश फाख्ता हो गए। उस वृद्ध महिला का आरोप था कि करीब छह माह से उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है और उसे दौड़ाया जा रहा है। वृद्ध महिला की वहां मौजूद सीओ सदर से इस बात को लेकर तीखी बहस भी हो गई क्योंकि उसका कहना था कि उसकी शिकायत मारपीट से संबंधित है जबकि कब्जेदारी के विवाद को कारण बताकर पुलिस उसकी एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है और फर्जी तरीके से उसकी शिकायत का निस्तारण कर दे रही है। उसने बताया कि पिछली बार आई महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही के सामने भी उसने अपनी शिकायत रखी थी लेकिन फिर भी उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस वृद्ध महिला की तीखी बहस और तल्ख आरोपों ने जिले में महिला अपराध पर त्वरित कार्रवाई के दावों की पोल खोल कर रख दी। वृद्ध महिला की बातों को सुनकर सदस्य डॉ मौर्या ने कार्रवाई का आदेश तो दे दिया लेकिन अब देखना यह है कि छह महीने के इंतजार के बाद अब उसकी एफआईआर दर्ज हो सकेगी या नहीं? इसके अलावा सदस्य डा मौर्या द्वारा पीड़िता विजयलक्ष्मी के प्रकरण में विधवा पेंशन व बाल सेवा योजना के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, मारपीट,पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार, पुलिस विभाग से सम्बंधित, कब्जे से सम्बंधित व दहेज उत्पीड़न से सम्बंधित मामले आए जिनको सदस्य डॉ मौर्या द्वारा बहुत ही गम्भीरता के साथ सुना गया।कई प्रकरणों में महिलाएं काफी भावुक हो गयी जिस पर सदस्य डॉ मौर्या द्वारा उनको ढांढस बंधाया गया तथा कहा वे उनके साथ है और उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा।साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी लाभ उन्हें दिलाया जायेगा। प्रेसवार्ता के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी पीड़ित महिलाएं आयी है उनकी समस्याओं का तुरन्त निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है।सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर प्रकरण को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# बुंदेलखंड का हक अब और ज्यादा समय तक छीना नहीं जा सकता : पांडेय

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति की ओर से हरकौती गांव में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विकास, किसानों की समस्याओं और अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय की मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता शामिल हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. प्रवीण पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुंदेलखंड का हक अब और नहीं छीना जा सकता। यूपी और एमपी की उपेक्षा ने इस क्षेत्र को पिछड़ा बना दिया है। यूपी-एमपी तोड़ दो, बुंदेलखंड को जोड़ दो का यह आंदोलन अब और मजबूत होगा। नीरज ने जैविक खेती के महत्व पर बात करते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बनाती है। उन्होंने जैविक कृषि को क्षेत्र में बढ़ावा देने की योजना साझा की। जिलाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी रूरा ने कहा समिति गांव-गांव जाकर बुंदेलखंड राज्य निर्माण की अलख जगा रही है। हर बुंदेली को इस आंदोलन का हिस्सा बनना होगा। ब्लॉक अध्यक्ष शशांक नायक ने बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। हरकौती के ग्रामीणों ने बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लिया और समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राज्य निर्माण के आंदोलन को पूरा समर्थन देने का वायदा किया। समिति द्वारा क्षेत्र में जनजागरण अभियान को तेज किया जाएगा। गांव-गांव में जागरूकता बैठकें, रैलियां और आंदोलन किए जाएंगे।



## स्व. भगौती प्रसाद मौर्य की पत्रकारिता हमेशा रहेगी याद, शांति पाठ में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश मौर्य के पिता स्व0 भगौती प्रसाद मौर्य के निधन पर आयोजित शांति पाठ में क्षेत्र के तमाम सम्भ्रांत लोगों ने पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि की। नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने पुष्पांजलि करते हुए कहा कि स्व0 भगौती दादा सन 1963 से समाचार पत्रों से जुड़े रहे, उनकी पत्रकारिता और हर स्थानों तक अखबार पहुंचाने के कार्यों का हमेशा याद किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने पुष्पांजलि करते हुए कहा कि स्व0 मौर्य जी के सामाजिक सरोकारों को याद कर लोग उनसे प्रेरणा लेंगे। खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी, ग्राम्यांचल महाविद्यालय के प्रबंधक सिद्धार्थ अवस्थी, पत्रकार हरिशंकर शर्मा, एसपी सिंह, सत्यदेव साहू, सरोज वर्मा, राकेश गिरि, जितेंद्र शुक्ला, दिनेश प्रताप सिंह राजू, केके द्ववेदी राजू भैया, पंकज मिश्रा, खं सचिव उदय प्रकाश शुक्ला, चंद्रभान पांडे प्रधान नीरज सिंह प्रधान संतोष शुक्ला प्रधान सुशील कुमार, पूर्व शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी सहित तमाम गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।


## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री नाम Janvi दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Janvi Chauhan है। Nirdesh Kumar, Army No-3009168W, रैंक-हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-सलारपुर, तहसील-गढ़मुकतेश्वर, जिला हापुड़-पिन कोड नंबर-245205.

## सूचना

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Sidhartha Rai दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Siddharth Rai है। Siddharth Rai, S/o of Army/JC No-482569Y, रैंक- सूबेदार विनोद कुमार राय आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बरवा खुर्द, पोस्ट-बरवा कलान, जिला-गाजीपुर, राज्य-उत्तर प्रदेश-पिन कोड नंबर- 275204.

## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री नाम Palwi Rai दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Pallavi है। विनोद कुमार राय, Army/JC No-482569Y, रैंक-सूबेदार, आर.सी.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बरवा खुर्द, पोस्ट-बरवा कलान, जिला-गाजीपुर, राज्य-उत्तर प्रदेश-पिन कोड-275204.

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Anguri व जन्मतिथि 01.07.1966 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Angoori व जन्मतिथि 01.07.1955 है। Angoori M/o of Army No-3005510N, रैंक-हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-कुरेना, पोस्ट-बनसुरी, जनपद-बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-पिन कोड नंबर-283114.

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Raja ram singh दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Raja ram है। Raja ram, F/o of Army/JC No-482263W, रैंक- सूबेदार, प्रदीप कुमार 28 राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम खटकी, जिला मेरठ, राज्य उत्तर प्रदेश-250406.

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Radhey Shyam Singh व जन्मतिथि 10.05.1957 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Radhe Shyam Singh व जन्मतिथि 01.01.1950 है। Radhe Shyam Singh F/o of Army/JC No-482617N, रैंक-सूबेदार इन्द्रेश सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-खिच्चर पुरा, पोस्ट-कचोरा घाट, तहसील-बाह, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश-पिन कोड नंबर-283114.

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Vidya Devi व जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Vidya व जन्मतिथि 01.01.1948 है। Vidya M/o of Army/JC No-482317M, रैंक-सूबेदार रविन्द्र कुमार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम नगली आजड सलेमपुर, पोस्ट-सकोती टाडा, जिला-मेरठ, उत्तर प्रदेश-पिन कोड नंबर-250223.

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मयंक उर्फ कुलदीप व उसकी पत्नी सौम्या के गलत आचरण व व्यवहार के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**सुमन मिश्रा पत्नी स्व0 अशोक कुमार मिश्रा निवासी-डी-28, तिर्वा कालोनी, कोतवाली फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शेखपुर खजुरी विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 11/12/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शेखपुर खजुरी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12/12/2024 से 18/12/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/12/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | जयवीर के मकान से विष्णु नाथ के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 6.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( सेवाराम कठेरिया) ग्रा0पं0 शेखपुर खजुरी, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव ( राजीव गौतम)

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखंड शिवपुर के ग्राम पंचायत नेवादा पूरे कस्वाती में

1- आसाराम के घर से मंसाराम के घर तक आर सीसी निर्माण कार्य 2- प्राणनाथ गिरी के घर से खड़ंजा तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 3-खड़ंजा से अर्जुन वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य होना है। जिसमें ईट, बालू, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग,, सीमेंट ईट सहित अन्य निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक फर्में अपनी निविदा दिनांक 12.12.2024 की दोपहर 2 बजे तक कार्यालय में जमा कर दें। निविदा 13.12.2024 को प्रातः 10 बजे खोली जाएगी। निविदा निःशुल्क होगी।

**ग्राम प्रधान**
**पोषकी देवी**
**ग्रा.प. नेवादा पूरे कस्वाती**
**वि.ख. शिवपुर बहराइच**

**सचिव**
**सुनील वर्मा**
**ग्रा.प. नेवादा पूरे कस्वाती**
**वि.ख. शिवपुर बहराइच**


# रेडवूड ग्लोबल स्कूल में अग्नि से सुरक्षा व बचाव कार्यशाला आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज।




आज रेडवूड ग्लोबल स्कूल में अग्नि सुरक्षा के उपाय तथा बचाव के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के वरिष्ठ अग्नि समन अधिकारी श्री सनद कुमार पटेल जी ने अपनी टीम के साथ अग्निशामक गाड़ी तथा उससे पहले विभिन्न प्रकार की अग्नि के बारे में जानकारी दी तथा डेमोंसट्रेशन करके भी दिखाया।

श्री सनत कुमार ने अपनी कार्यशाला में आग के पांच प्रकार को कम से ए0 बी0 सी0 और डी0 तथा ई0 में डिवाइड करते हुए बताया। ए0 प्रकार की आग में ठोस पदार्थ में लगी हुई कचरा वगैरा की आग भी प्रकार में तरल पदार्थ में लगी हुई आग सी प्रकार में गैसियस स्टेट में गैस से लगी हुई आग तथा ए0 प्रकार की डी0 प्रकार की आग में मेटल मैटेलिक आग तथा ई0 प्रकार में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में या बिजली के उपकरणों में लगी हुई आग के बारे में उन्होंने अलग-अलग तरीके से आग को शांत करने के उपाय के बारे में बताया इस दौरान उन्होंने आग जलाकर एवं उसे कंट्रोल करने के बारे में भी बच्चों को प्रशिक्षित किया उन्होंने अपने डेमोंसट्रेशन में टीचर तथा बच्चों से फायर एक्सचेंजर का चलवा कर प्रयोग करना भी सिखाया तथा अलग-अलग प्रकार से कपड़े से गीले कपड़े से सिलेंडर को ढकना बाल्टी से सिलेंडर को ढकना और आग में ऑक्सीजन की कनेक्टिविटी को कम करने के बारे में किस तरह से हमें देखना है आग से नहीं घबराना है इन सब बातों के बारे में विस्तार जानकारी दी श्री सनत कुमार पटेल ने अपनी टीम के साथ डेमोंसट्रेशन को बच्चों को बहुत ही अच्छी तरह से समझाया तथा उन्होंने बच्चों से आग से डरने के बजाय आग को शांत करने के उपाय के बारे में ठंडे दिमाग से सोचने की सलाह दी बच्चों पर इस जानकारी का बहुत अच्छा प्रभाव रहा।

बच्चों ने इसे इंजॉय किया तथा एक्सपर्ट की उपस्थिति में बच्चों ने स्वयं आग बुझा कर भी देखा इस प्रकार आग की कार्यशाला में प्रबंधक श्री अज्ञात वर्मा निदेशिका श्रीमती स्वाति वर्मा एवं प्रधानाचार्य श्री भास्कर शर्मा के साथ शिक्षकों एवं छात्रों ने आग से बचाव के बारे में जानकारी ली अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस ने एक शख्स पर पशु क्रूरता का दर्ज किया मुकदमा

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। जैदपुर पुलिस ने दो भैंस व दो पडवे बरामद कर एक यूवक पर पशु क्रूरता सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही की है। बताते चलें कि कि मुखबिर की सूचना के मुताबिक जैदपुर पुलिस ने छोटा हाथी डाला में भरकर दो भैस व पडवे को बरामद कर कस्बे के मोहल्ला छेदा कटरा निवासी निजाम पुत्र सगीर को चालक रहमत अली के साथ यूपी 41 अ 6925 को रोककर खरीद फरोक्त के प्रमाण मांगने पर मुहय्या न कराने पर जैदपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने से तमाम कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# गंगा की निर्मलता बनाएं रखने के लिए करें जागरुक



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कुंभ को लेकर भारत सरकार, पर्यावरण मंत्रालय आदि द्वारा नामित टीमें जनपदों का भ्रमण कर गंगा की गुणवत्ता व साफ-सफाई की जांच करेगी। को दृष्टिगत रखते हुये वन विभाग, नगर पालिका, पंचायती विभाग समन्वय स्थापित कर एक समिति बनायें। जो 22 गंगा ग्राम का समय- समय पर विजिट कर प्रत्येक गांव का सैम्पल लेकर जांच करेगी और समय से सूचना उपलब्ध करायेगी। किसी भी दशा में गंदे पानी को गंगा में नहीं जाना चाहिए। मेंहदीघाट में काली नदी गंगा में मिलती है। को दृष्टिगत रखते हुये काली नदी के किनारे- किनारे ग्रामो का भी गंदा डिस्चार्ज पानी सीधे काली नदी में नही जाना चाहिये। जनपद क्षेत्र के अंतर्गत काली नदी में पांच- पांच किलोमीटर के अन्तराल में सैम्पल लेकर पानी के गुणवत्ता की जांच कर लोकशन सहित सूचना उपलब्ध करायी जाये। चिंतामणि नाले में जो बायोरेमेडिएशन किया जा रहा है। उसकी पुनः जांच की जाये, शासन के मानकनुसार बायोरेमेडिएशन होना चाहिये। गेस्ट हाउस, होटल आदि द्वारा सड़क के किनारे कूड़ा डालने और किसी दुकानदार द्वारा नालियो में पॉलीथीन/ डिस्पोजल फेकने की दशा में संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मेंहदीघाट पुल के खम्बो की लाइटो को बदलकर हाई पॉवर की लाइटे लगायी जाये, जिससे अच्छा प्रकाश मिल सके। नगर निकाय छिबरामऊ में एसटीपी बनाने हेतु ग्राम पंचायत का प्रस्ताव लेकर शीघ्र स्थल का चिन्हांकन करें।

**▸ डीएम बोले, सड़क के किनारे कूड़ा डालने, पॉलीथीन फेकने की दशा में संबंधित को नोटिस जारी कर करें कार्यवाही**

# न्यायिक अधिकारियों ने निकाली साईकिल रैली, छात्र भी हुए शामिल



रैली में शामिल जिला जज व न्यायिक अधिकारी व कर्मचारीगण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक अधिकारियों ने साईकिल रैली निकाली। अपर जिला जज लवली जायसवाल की देखरेख में न्यायालय से जिला जज चन्द्रोदय कुमार द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनमानस तक इसकी जानकारी पहुँचाये जाने एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा ईधन की खपत कम कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से अपनी अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ साईकिल रैली निकाली। साईकिल रैली में अपर जनपद न्यायधीश-प्रथम / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लोकेश वरूण अजय श्रीवास्तव अपर जिला जज तृतीय, अल्का यादव अपर जिला जज पाक्सो एक्ट, नंद कुमार, अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट, इंद्रजीत सिंह अपर जिला जज एफटीसी प्रथम, सचिव लवली जायसवाल तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, लाला श्याम लाल इण्टर कालेज के छात्रों एवं समस्त कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अपर जिला जज/ नोडल अधिकारी लोकेश वरूण की अध्यक्षता में न्यायालय के मीटिंग हॉल में प्री- ट्रायल बैठक आयोजन किया गया। जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु विचार विमर्श किया। बैठक में प्रशासन की तरफ से उपस्थित नोडल अधिकारी नवनीता राय द्वारा प्रस्तावित कुल- 70226 वादों की अद्यतन सूची प्रस्तुत की। जिसके अवलोकन उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी समस्त प्रशानिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# चोरों ने मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी लूटी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती थाना छिबरामऊ निवासी इरशाद पुत्र हबीब बख्श के पुत्र आमिर पुत्र इरशाद की 21 नवंबर को हुई थी शादी आमिर अपनी ससुराल परिवार सहित 3 दिन पहले बहु आरजू को अपनी देखने गए हुए थे। औरैया जनपद के मुरादगंज के पास जाने गांव पड़ता है वही गए हुए थे।

तभी चोरो ने घर खाली देख कर मैन गेट पर लगा ताला तोड कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जब सुबह मोहल्ले के लोगो ने ताला टूटा पड़ा हुआ और गेट खुला हुआ देखा तो हडकंप मच गया सूचना मिलने के बाद 112 नंबर पुलिस व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई सोने का हार सवा तोला, 3 सोने की अगूठी , 1 छपका सोने का, 1 सोने का टीका, 1 जोड़ी सोने के झाले, 1 जोडी सोने की झूमकी , 1 पेंडल सोने का, 3 जोडी चांदी की तोडिया, 1 जोडी चांदी के हथफूल, 1 लाख रुपए कैश रखा था घर पर बाईक के लिए ससुराल वालों ने दिया था नगदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए चोर। सीसीटीवी कैमरा में चोरी की घटना को अंजाम देकर जाते हुए और मैन गेट पर लगा ताला तोडते हुए कैमरे में हुए कैद चोर। वहीं स्थानीय लोगों मैं चर्चा है कि पूर्व में शहर के अंदर गस्त लगाया जाता था जिस शहर में घटनाएं कम होती थी घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।



## बहू पर लगाया अभद्रता कर धमकाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आए दिन सास से बेबजह गाली गलौज करने के बाद मारपीट पर आमादा हों जाती व आत्महत्या कर सभी को फ़साने की धमकी देने वाली बहु के विरुद्ध उसके पति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी साहिबे आलम पुत्र हबीब अहमद ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पत्नी आये दिन उससे व उसकी माँ से गाली गलौज करती है। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाती है और अपने बच्चों से भी मारपीट करती है। उसे अपने मां बाप से दूर रहने को कहती है तथा आत्महत्या करने का प्रयास करती है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थाना प्रभारी ने बांटे भट्ठा मजदूरों को गर्म कपड़े, खिले चेहरे



भट्ठा मजदूरों को कंबल देते तालग्राम थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

रहित सरिस धरम नहि भाई करि विचार देखहु मन माहीं। दूसरों के दर्द हरने से बड़ा कोई पुण्यकार्य नही होता। सर्द हवाओं के साथ गलन बढ़ने पर परेशानी उस वर्ग को ज्यादा है। जो खुले में निवास कर रहा है या जिनके पक्के मकान नहीं है। वह सबसे ज्यादा प्रभावित है।

इस बात के मद्देनजर थाना प्रभारी ने भट्ठा मजदूरों को गर्म कपड़े और कंबल वितरण किए। गर्म कपड़े पाकर मजदूरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। एक तरफ पुलिस का अमानवीय चेहरा देखने को मिलता है तो दूसरी तरफ पुलिस का मानवीय चेहरा भी देखने को मिलता है। ऐसी ही मिसाल तालग्राम के एक निजी भट्टे पर देखने को मिला। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया तालग्राम क्षेत्र के एक भट्ठे पर पहुंचकर भट्ठा मजदूरों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए के लिए गर्म कपड़े, साल और कंबल वितरण किए। गर्म कपड़े पाकर मजदूरों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस दौरान कस्वा चौकी प्रभारी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**▸ जो खुले में निवास कर रहा है या जिनके पक्के मकान नहीं है वह सबसे ज्यादा प्रभावित है**

### अपने व्यवहारिकता के कारण बने है लोगों की पसंद

थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया जहां भी रहते है। अपने व्यवहारिकता के कारण वो लोगों की पसंद बन जाते है। गरीबों की मदद करने में हमेशा आगे रहते है। और पीड़तों को भी न्याय दिलाने में पीछे नही रहते। उनका जून 2021 में लखनऊ हज़रतगंज से जनपद में तिर्वा कस्वा चौकी इंचार्ज के पद पर लगभग डेढ़ साल, कस्वा इंचार्ज गुरसहायगंज में चार महीने, चौकी इंचार्ज मेहदीघाट तीन माह, सकरावा थाना प्रभारी एक साल और वर्तमान में तालग्राम थाना प्रभारी के पद पर तैनात है। जनपद में लगभग तीन सालों में अपने व्यवहारिकता से लोगों की पसंद बने हुए है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने वारण्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में वांछित अभियुक्त / वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा वांछित चल रहे एक वारण्टी को नियमानुसार गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### 22 दिसंबर को जनपद में 4 केंद्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने आगामी 22 दिसंबर को प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) की परीक्षा को जनपद में नकल विहीन परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए है। जिसमें पीएसएम डिग्री कालेज मकरंद नगर में स्टेटिक मजिस्ट्रेट धनंजय सिंह उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र, सेक्टर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार गौतम, उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) छिबरामऊ, सेठ बसु देव सहाय इंटर कॉलेज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट राम अवतार सिंह, पीडी, डीआरडीए सेक्टर मजिस्ट्रेट, रामकेश उप जिला मजिस्ट्रेट सदर, किसान इंटर कॉलेज, लोहिया नगर तिरवा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट एसपीसिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र द्विवेदी, उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) तिर्वा, डीएन कॉलेज एंड ए के स्कूल दुर्गा नगर तिर्वा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट उमेश प्रताप सिंह, अभिहित अधिकारी खाद सुरक्षा, सेक्टर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, उप जिला मजिस्ट्रेट तिरवा को नियुक्त किया गया।

### गुमशुदा युवक को बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द



परिजन की सुपुर्द में युवक व मौजूद पुलिस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी के नेतृत्व में सकरावा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर गुमशुदा युवक हरी गोपाल पुत्र प्रकाश चन्द्र को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। थाना सकरावा क्षेत्र के ऊमरपुर गांव निवासी ने श्याम सुन्दर पुत्र प्रकाश चन्द्र ने सूचना दर्ज कराई कि 10 दिसम्बर को समय करीब 02.00 बजे मेरा छोटा भाई हरी गोपाल उम्र करीब 22 वर्ष घर से सकरावा बाजार जाने की बात कहकर गया था। जो अभी तक वापस नहीं आया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सकरावा जनपद पर गुमशुदगी दर्ज की गयी। जिसक सम्बन्ध में बरामदगी हेतु टीम का गठित कर मात्र 24 घण्टो के अन्दर गुमशुदा हरी गोपाल उपरोक्त को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया।

# एसपी ने थाना छिबरामऊ का किया वार्षिक निरीक्षण



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद द्वारा थाना छिबरामऊ का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महोदय द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों को कंबल एवं कैप वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

# स्कूल जा रही छात्रा को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

**▸ मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में छात्रा ने तोड़ा दम**
**▸ 100बेड छिबरामऊ से रेफर होकर मेडिकल कॉलेज आई थी छात्रा**

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर गांव के निकट बुधवार की सुबह स्कूल जा रही साइकिल सवार छात्रा को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में उपचार के दौरान शाम 06 बजे के करीब छात्रा की मौत हो गई।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दे दी है। आदमपुर गांव निवासी माधुरी (16) पुत्री जबर सिंह प्रेमपुर गांव में स्थित एक स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। प्रतिदिन की तरह वह बुधवार की सुबह अपनी साइकिल से स्कूल जा रही थी। रास्ते में प्रेमपुर गांव के निकट सामने से आ रहे एक बाइक चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने घायल छात्रा को एम्बुलेंस की मदद से 100 बेड अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती कराया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में शाम 06 बजे के करीब उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाकर छिबरामऊ पुलिस को सूचना दे दी है। मौत की जानकारी पाकर मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### युवक के विरुद्ध पेड़ काटने को लेकर अधिकारियों ने कानूनी कार्रवाई की उठायी मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** युवक के विरुद्ध हरे पेड़ काटने को लेकर वन विभाग के अधिकारियो ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को वन रक्षक कमालुद्दीन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते 05 दिसंबर की शाम करीब 05.30 बजे वन दरोगा के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गुगरापुर ग्राम समाज 2022 क्षेत्रफल 10 हेक्टेयर में पौधों को काटा जा रहा है। जिसके बाद मौके पर वह टीम के साथ पहुंचे। तो देखा कि 95 पौधा प्रोसोपिल के काटकर नष्ट कर दिए गए और मौके से लकड़ी भी ले गए। स्थानीय लोगो से पूछताछ करने पर काटने वाले का नाम भुल्ली यादव पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम महमूदापुर पोस्ट कीरतपुर कोतवाली कन्नौज बताया गया। जब आरोपित को बुलाकर पूछताछ की। तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गया। वन रक्षक की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ढोल नगाड़े के साथ बिजली विभाग के अफसर गली-गली घूमे

**▸ विभाग द्वारा चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना का किया प्रचार**

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार प्रचार करने के लिए विद्युत विभाग के अफसरों ने ढोल नगाड़े के साथ गली-गली घूमकर प्रचार किया। विद्युत बकाये के उपभोक्ताओं से 31 दिसम्बर तक पंजीकरण कराकर योजना का शत-प्रतिशत लाभ उठाने की बात कही।

विद्युत विभाग में बकायेदारों को सरचार्ज में छूट देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना चलाई जा रही है। इसका रजिस्ट्रेशन 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रथम चरण में हो रहा है। इसमें रजिस्टेऊशन कराने वाले पांच हजार तक के बकाएदारों को सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। बुधवार की दोपहर अधिक्षण अभियंता नन्दलाल, अधिशाषी अभियंता मगन सिंह व एसडीओ तिर्वा कुलदीप राजपूत तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार किया गया। साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जाना गया। विद्युत विभाग की टीम ने कस्बे के सभी मोहल्ले में जाकर योजना का प्रचार प्रसार किया।



कस्बे के दुर्गा नगर में ढोल नगाड़े के साथ प्रचार करते अफसर

# गांव में फिर फैली जंगली जानवर आने की दहशत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन तेंदुए की घटना को लोग भुला नहीं पाये थे कि एक अन्य जंगली जानवर के आने की दहशत ग्रामीणों में साफ तौर पर देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते दिन थाना मऊदरवाजा के जसमई गांव में बघार के पास तेंदुए ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर दिया था। कड़ी मशक्त के बाद कानपुर वन विभाग से आयी टीम ने उसे रेस्क्यू किया था। तेंदुए की दहशत को लोग अभी भुला नहीं पाये थे कि एक अन्य जंगली जानवर के आने की आहट से ग्रामीण फिर दहशत में आ गये हैं। बताते चलें कि कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के पीपल गांव के मजरा कुड़रिया में आलू के पानी लगे खेत में जंगली जानवर के पैरों को निशान देखे गये। घटना की सूचना ग्रामीणों ने थाना पुलिस व वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली जानवरों के पैरों के निशान देखे। वन विभाग ने किसी जंगली जानवर के पैरों के निशान होने की पुष्टि की है। टीम ने फिलहाल ग्रामीणों को झुंड में निकलने के निर्देश दिये हैं। वहीं वन विभाग की टीम गांव में निगरानी करेगी। साथ ही ग्राम प्रधान ने सभी ग्रामीणों से झुंड में निकलने का एनाउंसमेंट कराया है।

# यूपीएस पनगवां के बच्चों ने गोला व तवा फेंक में दिखाई प्रतिभा



विजेता छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक।

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक तालग्राम के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनगवां के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल रहकर विद्यालय व ब्लाक का मान बढ़ाया। साथ ही अपनी प्रतिभा को स्थापित कर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दावेदारी पेश की।

बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनगवां में विजेता छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल शिक्षक संकुल जयवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं को मेडल व फूलमाला पहनाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होने बताया कि विद्यालय के छात्र कृष्णा ने बालक वर्ग व छात्रा रेवती ने बालिका वर्ग में गोला व तवा फेक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि समूह गान व अंताक्षरी में छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चचियापुर से वॉलीबॉल टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में कुसुम व छात्र आनंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर पीएस नरुईया की छात्रा रचना ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ और 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान हितेंद्र सिंह, राहुल कुमार, गौरव कनौजिया, दिनेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**▸ जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ाया मान**

# भू माफिया कब्रिस्तान की जमीन पर जबरन कर रहे कब्जा



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गिहार समाज के लोगों ने एकत्रित होकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संबोधित लिखित ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकार को सौपा पुलिस अधीक्षक से गिहार समाज ने कब्रिस्तान की आराजी बचाने के लिए लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस क्षेत्राधिकार ओंकारनाथ शर्मा को सोप जिसमें भू माफियाओं द्वारा गिहार समाज के कब्रिस्तान पर जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है उक्त कब्जदार के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाने की मांग करते हुए लिखित ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकार को दिया।

# विद्युत विभाग ने किया एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान बिजली बिल में छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 को 15 दिसंबर से लागू किया जा रहा है। बुधवार को गाजे-बाजे के साथ एसडीओ बृजेश कुमार सरोज ने जागरूकता रैली निकाली। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील भी की। उपभोक्ता जल्द से जल्द से योजना का लाभ उठाएं।

बताया कि यह योजना पूरे प्रदेश में तीन चरणों में लागू होगी। जिसका पहला चरण 15 दिसंबर 2024 से लागू होगा। जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। कुल 47 दिनों तक यह योजना लागू रहेगी। इस दौरान बिजली उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना तीन चरणों में लागू होगी। पहले चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक। 16 दिन का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा दूसरे चरण में 01 जनवरी से 15 जनवरी तक 15 दिनों का मौका दिया जाएगा। इसी तरह तीसरे चरण में 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन तक उपभोक्ताओं को मौका दिया जाएगा। इस दौरान अवर अभियंता विकास कुमार, रोहित, सरमू, संजय, राजेश, विपिन आदि मौजूद रहे।



रैली निकाल कर योजना के प्रति जागरूक करती विद्युत विभाग की टीम

**▸ बकाए के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में सर्वाधिक मिलेगी छूट**

# मनरेगा के गिरते स्तर को देख खंड विकास अधिकारी का चढ़ा पारा

- मनरेगा कर्मियों सहित ग्राम सचिवों की बुलायी बैठक
- रोजगार सेवकों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



सचिवों तथा तकनीकी सहायकों की बैठक लेते बीडीओ

मनरेगा के गिरते स्तर को देख खंड विकास अधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने आनन-फानन में मनरेगा कर्मियों सहित ग्राम सचिवों की बैठक बुलायी तथा रोजगार सेवकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा का स्तर गिरता नजर आ रहा है। जिसमें अधिकतर ग्राम पंचायत हैं। मनरेगा कार्यों का स्तर शून्य पाया गया। जिस पर खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव का परा चढ़ गया। उन्होंने मनरेगा का गिरता स्तर देख ग्राम पंचायत सचिव तथा तकनीकी सहायकों की बैठक बुलाकर कड़े निर्देश देते हुए बताया कि जिन ग्राम पंचायत में मनरेगा का स्तर गिरा है वहां के रोजगार सेवकों को तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी कर कार्रवाई करें। जिसमें ग्राम पंचायत पैथान के रोजगार सेवक के बारे में खंड अधिकारी ने बताया कि उनकी सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी किया जाए और उनके मानदेय की रिकवरी की भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं रामपुर दबीर के रोजगार सेवक को भी नोटिस जारी करने की बात कही गई। कुरार की ग्राम पंचायत साहिबगंज में कार्य जीरो पाया गया। जिस पर वहां के रोजगार सेवक को भी नोटिस जारी करने की बात कही गई है। खंड विकास अधिकारी ने बताया की सभी रोजगार सेवकों को अपने अधिकारों का ठीक तरह से निर्वाह न करने पर धारा 95 के तहत नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। वहीं तकनीकी सहायकों को भी बताया कि वह मनरेगा योजना में मन लगाकर कार्य करें, क्योंकि यदि मनरेगा के स्तर गिरता है तो वह सभी मनरेगा कर्मियों के मानदेय को तत्काल प्रभाव से रोक देंगे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, फॉलोअर इंदल बाबू, सचिन, जगवीर सिंह यादव, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, कुलदीप कुमार, बृजेश यादव, मोतीलाल यादव, अखिलेश कुमार, अरविंद कुमार सुनील कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कौशल, मनोज कुमार, विनय सिंह, राघवेंद्र सिंह, मनरेगा सहायक राहुल चंदेल, आलोक पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना पुलिस व वन दरोगा के संरक्षण में पेड़ों पर चल रहा कुल्हाड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



लकड़ी माफियाओं द्वारा काटा गया वृक्ष

शमशाबाद थाना पुलिस व वनाधिकारियों की छत्रछाया में लकड़ी कटान का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। लकड़ी माफिया हरे भरे नीम, गूलर व शीशम के दर्जनों पेड़ काट चुके हैं।

जानकारी के अनुसार इसे बना अधिकारियों व थाना पुलिस की लापरवाही कहा जाए तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र में लकड़ी माफिया एक लंबे समय से सक्रिय हैं और शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में हरे भरे वृक्षों को काटकर अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है की लकड़ी माफिया जो कभी रात के अंधेरे में हरे भरे वृक्षों को कटवाकर दिन का उजला होने से पहले ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे ठिकाने लगवा दिया करते थे। आजकल माफिया बेखौफ हो गए और दिनदहाड़े लकड़ी के अवैध कटान को अंजाम देने लगे हैं। इसका उदाहरण भी विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेला सराय गजा में देखने को मिला। बताते हैं कई नीम, शीशम, गूलर के पेड़ थे। जिसे एक लकड़ी माफिया द्वारा कटवाकर ठिकाने लगवा दिया गया है। बताते हैं जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने इसकी सूचना वन्य अधिकारी को दी, लेकिन कुछ हुआ नहीं। ज्ञात हो कि शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से हरे भरे वृक्षों को लकड़ी माफियाओं द्वारा कटवाये जाने का कार्य बदस्तूर जारी है अफसोस इस ओर पुलिस तथा वन विभाग दोनों ही निष्क्रिय नजर आ रहे हैं यही कारण है बुलंद हौसलों के साथ लकड़ी माफिया दिन के उजाले में इस अवैध कार्य को अंजाम दे रहे हैं, जो एक चिंता का विषय है। सूत्रों के अनुसार एक लकड़ी माफया ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि हम लोग लकड़ी कटाने का कार्य करते हैं। उसमें वन विभाग व पुलिस मेरा सहयोग करती है। इसके एवज में हम उनको 40 परसेंट कमीशन के तौर पर देते हैं।

# कैंप लगाकर किया प्रकृति परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कैंप के दौरान मौजूद चिकित्सक

आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाया गया अभियान प्रकृति परीक्षण के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत बीसलपुर, उखरा, धूरीहार, कलौली तथा ग्राम पंचायत नगला समर, मतापुर तथा बिढ़ैल में प्रकृति परीक्षण हेतु कैंप लगाया गया।

कैंप में मेजर एसडी सिंह के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा प्रकृति परीक्षण कर उन्हें उनके अनुकूल आहार, बिहार के बारे में बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अंजना दीक्षित तथा नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने कैंप को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर रवाना किया। इसी के साथ आवास विकास फर्रुखाबाद में स्थित केडी बालिका डिग्री कालेज में भी छात्र-छात्राओं ने डॉ. अरिमर्दन सिंह की देखरेख में प्रकृति परीक्षण किया। कैंप को सफल बनाने में डॉ. विकास बाबू, डॉ. आनन्द, डॉ. कविता, डॉ. अरीब, डॉ. सुहेबा, डॉ. भारती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युवती ने पूर्व प्रधान पर लगाया बंधक बनाने का आरोप

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



झाड़ियों से युवती को बाहर निकालते पुलिसकर्मी

आवास योजना में ठगी का आरोप

आवास देने के नाम पर ठगी और उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। भोलेपुर की युवती रिचा कटियार ने आरोप लगाया है कि माखन नगला के पूर्व प्रधान पेशकार ने आवास देने के नाम पर उससे 80,000 रुपये की ठगी की और विरोध करने पर उसे बंधक बनाकर सड़क किनारे फेंक दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवती की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रिचा कटियार का आरोप है कि पूर्व प्रधान ने उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाने का झांसा देकर 80,000 रुपये ले लिए। जब उसने अपनी रकम वापस मांगी, तो प्रधान के इशारे पर उसे बंधक बना लिया गया और अमानवीय तरीके से गांव के किनारे सड़क पर छोड़ दिया गया। गांव के निवासी सत्येंद्र ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे उन्होंने एक काले रंग की पल्सर बाइक देखी। जिस पर दो युवक और रिचा कटियार सवार थे। बाद में उन्होंने देखा कि युवती गांव के किनारे सड़क पर अकेली बैठी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा और उसकी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। क्षेत्राधिकारी ने कहा मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

पुलिस ने बाइक सवार युवकों की पहचान और पूर्व प्रधान की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद माखन नगला गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से अधेड़ की बिगड़ी हालत, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव हरिहरपुर निवासी राम प्रकाश शाक्य उम्र 50 वर्षीय पुत्र चमन प्रकाश के बुधवार की शाम अचानक सीने मे दर्द होने लगा। इसके बाद राम प्रकाश साईकिल द्वारा अपनी दवा लेने चाँदपुर कक्ष में ही प्राइवेट डॉ. ब्रजेश के पास पहुंचा। डाक्टर ने राम प्रकाश को इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद राम प्रकाश की हालत और बिगड़ गई। परिजन कुछ समझ पाते कि राम प्रकाश को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ देर बाद राम प्रकाश की मौत हो गई। अचानक रामप्रकाश की मौत के वाद परिवार में कोहराम मचा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल होगया। राम प्रकाश के बेटे सन्तोष शाक्य व मन्तोष का कहना है झोला छाप के गलत इंजेक्शन से उसके पिता की मौत हुई है। उतने कहा कि वह मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे। कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य ने कहा मामले की शिकायत नहीं की गयी है। गुरुवार को वह टीम के साथ जाकर जांच करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### अधेड़ की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के गाँव नगला सियर निवासी मानसिंह उम्र 50 वर्षीय पुत्र मथुरा प्रसाद की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डयुटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने मानसिंह को मृत घोषित कर दिया है। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### भतीजे ने चाचा सहित तीन लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला दुबे निवासी देवेंद्र सिंह ने अपने चाचा भारत सिंह व भारत सिंह के पुत्र मंजीत तथा पड़ोसी जनपद एटा थाना नयागांव के कस्बा सरायअगहत निवासी रामू माली के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 28 नवम्बर को समय 6.30 बजे देवेंद्र अपने खेत में गेंहूँ की बुवाई करने के लिए गांव के ही वीरेन्द्र वर्मा का ट्रैक्टर ले गया, तो ट्रैक्टर का एक पहिया चाचा भारत सिंह के खेत से व दूसरा पहिया पड़ोसी गांव पमरखिरिया निवासी खरगे के खेत से होकर निकाल ले गए और खेत जुताने लगा। उसी समय चाचा भारत सिंह व मंजीत तथा रामू माली एक राय होकर आए और गाली-गलौज कर खेत जुताने से मना करने लगे और ट्रैक्टर वाले को खेत से भगा दिया। जब देवेंद्र ने इसका विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने बुरी तरह मारपीट की। जिससे देवेंद्र के हाथ में गम्भीर चोट आ गई। उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच महिला दरोगा साधना यादव के सुपुर्द कर दी।

### बिजली विभाग की एक मुश्त समाधान योजना के प्रति किया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पावर कारपोरेशन की एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ता उठा सकें। इसके लिए मंगलवार को जिले भर में जागरूकता रैली निकालकर अभियान चलाया गया। उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में विद्युतकर्मियों ने कस्बे में जागरूकता रैली निकालकर उपभोक्ताओं को योजना के प्रति जागरूक किया। बताते चलें कि बिजली विभाग द्वारा 15 दिसंबर से ब्याज माफी एवं बकाया वसूली जमा करने के लिए ओटीएस योजना लागू की गयी है। मंगलवार को कस्बे में बैंडबाजे के साथ बिजली कर्मचारी ओटीएस बैनर और पंपलेट वितरित करते हुए जागरूकता रैली में निकले तथा उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए जागरूक किया। बिजली कर्मचारियों ने कहा कि उपरोक्ता इस योजना में छूट का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही आसान किस्तों में अपना बिल जमा कर सकते हैं।

### ई-रिक्शा चालक को आई झपकी, कार में मारी टक्कर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनाबाद बाजार जहां बुधवार को एक ई- रिक्शा ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। दोनों वाहन रोशनाबाद से लगभग 200 मीटर की दूर फर्रुखाबाद मार्ग से गुजर रहे थे। बताते हैं ई-रिक्शा चालक जयकुमार पुत्र रामगोपाल निवासी थाना मऊदरवाजा अपनी भाभी तथा रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए शमशाबाद नगर के मोहल्ला दलमीर खां जा रहा था। वहीं जलालाबाद निवासी कार चालक सुमित कुमार मिश्रा अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए रोशनाबाद आ रहे थे। रोशनाबाद बाजार से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित रोशनाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग जहा गुजरते समय ई-रिक्शा चालक को नींद की झपकी आ गई और ई-रिक्शा किनारे खड़ी कार में सीधी टक्कर मार दी। ग्रामीणों के अनुसार ई-रिक्शा चालक की अचानक आंख लग जाने के कारण दुर्घटना हो गई। हालांकि इस दुर्घटना में सभी ई-रिक्शा सवार लोग बाल बाल बच गए, लेकिन किनारे खड़ी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। शमशाबाद थाना पुलिस से जब दुर्घटना की जानकारी की गई तो पुलिस का कहना था उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। वहीं रोशनाबाद में संभ्रांत लोगों के बीच समझौते के प्रयास जारी थे।

# साथी अधिवक्ताओं पर आरोप लगाने पर रेवन्यू बार एसो. खफा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील में मौजूद अधिवक्तागण

रेवेन्यू बार एसोसिएशन तहसील कायमगंज के अध्यक्ष विशेश्वर यादव, महासचिव अवनीश गंगवार ने तहसील परिसर में बैठक की। जिसमें कहा गया कि उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह कायमगंज को अनाधिकृत रुप से आपराधिक किस्म के व्यक्ति अंकित कुमार गंगवार पुत्र सर्वेशचंद्र निवासी अचरा तकीपुर थाना मेरापुर जो कि मुंसिफ कोर्ट का अधिवक्ता है के द्वारा 5 दिसंबर को एक झूठा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसको उप जिलाधिकारी द्वारा कायमगंज कोतवाली प्रभारीको जांच हेतु प्रेषित किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि जिस अंकित कुमार द्वारा रे.वा.ए. कायमगंज के अधिवक्ता अनोखेलाल शाक्य नाजिर खॉ पर गम्भीर आरोप लागते हुए शिकायतकर्ता जो कि पहले से ही आपराधिक व्यक्ति है। अंकित कुमार के विरुद्ध मेरापुर थाना में 21/22 एनडीपीएस एक्ट सहित आठ मुकदमे पंजीकृत हैं। अपराधों को छिपाने के उद्देश्य से रे.वा.एसो. कायमगंज के सदस्यों के विरुद्ध अविधिक वं अनैतिक आरोप लगाते हुए कथित प्रार्थना पत्र पर उपजिलाधिकारी द्वारा कोतवाली कायमगंज को प्रेषित किया गया है। जिससे हमारी रे.वा.एसो. कायमगंज के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है तथा दिनांक 5 दिसंबर को इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई। सदस्यों ने एसडीएम से मांग की है कि थाना कोतवाली कायमगंज को आदेशित करें कि वह कोई विधिक कार्यवाही न करें। उपरोक्त प्रकरण पर गम्भीरता से विचार कर अंकित कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए तहसील न्यायालयों मे आने से प्रतिबधित किया जाय तथा उक्त प्रकरण की कार्यवाही से रे.वा.एसो. कायमगंज को अवगत कराया जावें, नही तो हम लोग हड़ताल पर रहेंगे।

## प्रधान पर किशोरी ने लगाया दो साल से दुष्कर्म करने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शादी का झांसा देकर दो साल से किशोर से प्रधान जबरियन दुष्कर्म कर रहा था। विरोध करने पर बालिक होने पर निकाह करने का आश्वासन दिया, लेकिन उसने दूसरी जगह निकाह तय कर लिया तो किशोरी ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी। आरोपी प्रधान एक सत्ताधारी प्रतिनिधि का खास आदमी के चलते पुलिस उसे पकड़ तो लायी, लेकिन कुछ घंटे बाद यह कहकर छोड़ दिया कि पूछताछ के लिए लाये थे। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट की एक मोहल्ले की रहने वाली पीड़ित युवती ने थाना कादरीगेट व राज्य महिला आयोग से लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि वह जब 17 वर्ष की थी। घटना उस समय की है, मेरे घर पर थाना कमालगंज के ग्राम नसरतपुर के रहने वाले नूर आलम का आना-जाना था। 13 सितम्बर 2022 को विवाह हेतु दबाव डाला, लेकिन उस समय मेरी उम्र 17 वर्ष की थी, किन्तु नूर आलम लगातार दबाव बनाता रहा और एक दिन घर पर जब कोई मौजूद नहीं था, उसने नशीला पदार्थ मुझे देकर मेरे साथ बलात्कार किया। जब इसकी जानकारी हुई तो मैंने विरोध किया, तो उसने एक स्टाम्प पेपर पर समझौता नामा लिखा कि 18 अगस्त 2023 को तुम बालिक हो जाओगी तो तुमसे निकाह कर लेंगे, लेकिन किसी से शिकायत नहीं करोगी, इसलिए मैने कहीं शिकायत नहीं की। वह निकाह के नाम पर जोर जबरदस्ती करता रहा। अब पता चला कि वह 11 दिसम्बर को दूसरी जगह निकाह करने जा रहा है। पीड़िता ने इससे पहले कमालगंज पुलिस को भी प्रार्थना पत्र दिया था, आरोपी ग्राम प्रधान होने के साथ एक सत्ताधारी का प्रतिनिधि अपने आपको बताता है, जिसके चलते पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी। लिखित शिकायत मिलने पर थाना कादरीगेट पुलिस आरोपी को पकड़ लायी, दबाव पड़ने पर कुछ घंटे बाद यह कहकर छोड़ दिया कि पूछताछ के लिए लाये थे, पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। इस संदर्भ में तब कादरीगेट थानाध्यक्ष से बात करनी चाहीं तो उन्होंने कोई जबाव नहीं दिया।

# बीडीओ ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखाना में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। जिसमें निरीक्षण के दौरान स्कूल की पुताई, साफ-सफाई के निर्देश दिए। आरोग्य केंद्र की पुताई साफ-सफाई इंटरलॉकिंग कर तथा द्वार बनाने के निर्देश दिये। आरसीसी केंद्र पर पेड़ लगाने तथा केंचुआ पालने के भी निर्देश दिये। ग्राम पंचायत की टंकी से पानी की सप्लाई ग्राम पंचायत के पिलखाना, नगला शंभू, नगला पाल, ब्राहिमपुर में हो रही है और उसी ग्राम पंचायत के प्रकाश नगर, उमरेड़, ब्रह्मपुरी, कला, नगला खता, रसूलपुर नगला, भाटा, हिरण खुदा के ग्रामीणों को अभी तक टंकी का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है। जिस पर उन्होंने जल निगम के कर्मियों को निर्देशित करते हुए बताया कि वह तत्काल प्रभाव से टंकी की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाकर और ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करायें। महेश साहिबगंज की गौशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें नाली का निर्माण, गोवंशों को हरे चारे की व्यवस्था सहित कई दिशा-निर्देश ग्राम सचिव को दिए। ग्राम पंचायत त्यौरी इस्माइलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि वह जल्द मरम्मत कराकर रंगाई पुताई तथा रास्ता बनाने का कार्य पंचायत घर पर किया जाए। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, फॉलोअर इंदल बाबू, ग्राम सचिव सुनील कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार मौके पर मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की टीम ने निकाली जागरूकता अभियान रैली

- उपभोक्ताओं से बिजली का बिल जमा कर छूट का लाभ उठाए जाने की अपील

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जागरूकता रैली निकालते बिजली कर्मचारी

उत्तर प्रदेश सरकार हर बार की तरह इस बार भी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बकाया बिलों में राहत उपलब्ध कराए जाने के लिए एक मुक्त समाधान योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को तीन चरणों में छूट का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं बिजली के बिलों में 100 प्रतिशत अधिभार में छूट पाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरुक किए जाने के लिए बिजली विभाग के जेई के नेतृत्व में एक जागरूकता अभियान के तहत रैली को निकाला गया। रैली में बिजली विभाग के जेई जुनैद आलम के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ढोल नगाड़े के साथ नगर की गलियों में भ्रमण कर एक मुक्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली का बिल जमा कर छूट का लाभ उठाये जाने की अपील की। कर्मचारियों का कहना था सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत एक मुक्त समाधान योजना जिसके तहत बिजली का बकाया बिल जमा करने की अलग-अलग चरणों में व्यवस्था की गई और अलग-अलग अधिभार में छूट दिए जाने की बात कही गई। विद्युत उप केंद्र के जेई के साथ बिजली विभाग की टीम ने बुधवार को शमशाबाद की गलियों में भ्रमण किया। भ्रमण में बजते बैंड बाजे मुहल्ले के लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें बैनर में अंकित सरकार की योजनाओं की जानकारी से अवगत करा रहे थे। एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत अधिभार में छूट से अवगत कराया जा था। रैली थाना चौराहे से गुजरती हुई मोहल्ला बाजार कला, बाजार मंडी, मोहल्ला गढ़ी, इमली दरवाजा सहित लगभग दो दर्जन से अधिक मोहल्ले से गुजरी। रैली में जेई जुनैद आलम, सलीम, शफीक खाँ, प्रमोद कुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद अयूब खाँ, देवेश कुमार, विक्रम सिंह, सादिक, देव सिंह सहित एक दर्जन कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ के जनपदीय चुनाव को लेकर शिक्षकों में सरगर्मी बढ़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जनपदीय चुनाव को लेकर शिक्षकों में सरगर्मी बढ़ गयी है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाले इस चुनाव में मौजूदा अध्यक्ष लालाराम दुबे एवं मंत्री नरेंद्रपाल सिंह सोलंकी फिर मैदान में उतरेंगे। अध्यक्ष और मंत्री पद पर पिछली परम्पराओं के अनुसार इस वर्ष भी लालाराम का अध्यक्ष तथा नरेंद्र पाल सिंह का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष व मंत्री के पद को शेष अन्य पदों पर चुनाव लड़ने को शिक्षकों ने अभी से रणनीति बनानी शुरु कर दी है। जिसमें प्रमुख रुप से प्रदीप जायसवाल, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, मयंक रस्तोगी आदि शिक्षकों ने चुनाव लड़ने को लेकर रणनीति बनाना शुरु कर दिया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो नियमावली है उसके सम्बन्ध में जिला मंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी ने स्पष्ट किया कि अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य पदों पर कार्यरत शिक्षक ही चुनाव लड़ सकेंगे। परन्तु मौजूद पदेन डेलीगेट भी चुनाव लड़ सकता है। चाहे वह अवकाश प्राप्त क्यों न हो। उन्होंने बताया कि शिक्षक संघ के संविधान के अनुसार जिलाध्यक्ष एवं जिलामंत्री मौजूदा पदेन डेलीगेट हैं। इसलिए वह चुनाव लड़ सकते हैं। इस वर्ष चुनाव लड़ने के बावत पूछे जाने पर नरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि वह चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। परन्तु समर्थक शिक्षकों द्वारा चुनाव हेतु दबाव बनाने के कारण वह इस वर्ष का चुनाव अवश्य लड़ेंगे। वह शिक्षक हितों के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य पदों पर कार्यरत शिक्षकों के ही चुनाव लड़ने का भ्रम फैलाया जा रहा है। ऐसे लोगों को संघ के संविधान की पूरी जानकारी ही नहीं है। नियमानुसार पदेन डेलीगेट चुनाव लड़ सकता है। भले ही वह रिटायर हो। मौजूद कार्यकारिणी में वह जिलामंत्री हैं। दो पदेन डेलीगेट की श्रेणी में हैं। वह लगातार 20 वर्षों से चुनाव जीत रहे हैं।



## जय भोले महिला समूह के नाम हुआ कोटे का चयन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** काफी गहमागहमी के बीच ग्राम पंचायत में सरकारी राशन कोटेदार का चुनाव सम्पन्न हुआ।चुनाव सकुशल सम्पन्न हो जाने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुर्क ललैआ में ग्राम पंचायत अधिकारी तथा एडियो पंचायत सहित विकास खंड स्तर के कई अधिकारी चुनाव संपन्न करने के लिए पहुंचे। जैसे ही अधिकारी गांव में पहुंचे और कोटा चयन प्रत्रिया की जानकारी हुई, तो ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई, लेकिन सभी शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत तुर्कललैया में कोटा चुनाव की अधिकारियों ने प्रक्रिया संपन्न कराई। जिसमें सर्वप्रथम वरीयता समूह के महिलाओं को दी गई। जिसमें तीन समूह ने अपना आवेदन किया। जिसमें आदर्श महिला समूह, जय भोले समूह, शिव महिला समूह ने आवेदन किया। जब तीनों समूह की प्रक्रिया को देखा गया तो उसमें आदर्श महिला समूह तथा शिव महिला समूह का लेनदेन नियमित नहीं था। जय भोले महिला समूह का लेनदेन सही पाया गया, तभी सभी अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में जय भोले महिला समूह के नाम कोटा चयन कर दिया। जिसका मौजूद ग्रामीणों ने भी समर्थन किया। इस मौके पर वीडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेश सिंह, बीबीएमएम अनुज शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो साथी घायल, तीसरे की मौत

**कमालगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



मृतक सज्जन सिंह का फाइल फोटो

बाइक से घर जा रहे तीन दोस्त मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। जिसमें से एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया,जबकि एक की हालत गम्भीर बतायी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही खुदागंज चौकी इंचार्ज शिवकुमार मौके पर पहुंच गये।

जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल के ग्राम बारहपत्थर निवासी सज्जन सिंह 28 वर्षीय सर्वेश अपने दोस्त ऋतिक पुत्र स्वदेश, नितिन पुत्र रनवीर के साथ बाइक से छिबरामऊ अपने दोस्त से मिलने गये थे। बुधवार देर शाम जब वह अपने घर कम्पिल लौट रहे थे, तभी थाना कमालगंज के निकट ग्राम कतरौली पट्टी के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों साथी गम्भीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सज्जन सिंह को मृत घोषित कर दिया व घायल ऋतिक का उपचार चल रहा है। तीसरा साथी नितिन को उपचार के लिए अन्य जगह ले जाये जाने की बात सामने आयी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खुदागंज चौकी इंचार्ज शिवकुमार ने सीएचसी पहुंचकर जांच पड़ताल कर आगे की कार्यवाही प्रारम्भ की। समाचार लिखे जाने तक परिजनघटना स्थल पर नहीं पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार मृतक सज्जन सिंह खिलाड़ी था। उसनेकई पदक अपने नाम किये थे और वह आर्मी में भर्ती होने की तैयारी में लगा था। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक की मां उमा देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कठिन परिश्रम से ही प्राप्त किया जा सकता है लक्ष्य : डॉ. पीयूष माधव

▸ आईएएस गोविन्द नामक फिल्म दिखाकर किया गया मोटिवेशनल



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक व सम्बोधित करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में 2024 बैच के ट्रांजीशनल एवं पीजी ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के नवें दिन डॉ. पीयूष माधव ने आजकल चल रहे प्रकृति परीक्षण में प्रकृति के बारे में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया।

उन्होंने बताया कि प्रकृति द्वारा ही हम किसी भी रोगी व्यक्ति की चिकित्सा कर सकते है। वदतू संस्कृत कार्यक्रम में डॉ. अरिमर्दन ने व्याकरण भाषा का ज्ञान दिया। पीजी एवं बीएएमएस के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को कॉलेज ऑडिटोरियम में आईएएस गोविन्द नामक फिल्म दिखाई गई जोकि छात्र-छात्राओं का कठिन परिश्रम करके लक्ष्य हासिल करने के लिये प्रेरित करती है। इस फिल्म के द्वारा छात्र-छात्राओं को संघर्ष के दिनों में साहस से काम लेना, निराश न होना ये बात सीखने को मिलती है। डॉ. सुमन कुंदू ने स्ट्रेस मैनेजमेन्ट में छात्र-छात्राओं को कोई भी समस्या को अपने ऊपर हॉवी नहीं होने देने की जानकारी दी।

उन्होनें कहा कि छात्र जीवन में बहुत जल्दी स्ट्रेस लेते है, लेकिन बिना स्ट्रेस के उनको हर समस्या का हल शांत दिमाग से खोजना चाहिये।

इसके लिये वो मेडिटेशन एवं अध्यात्मक का सहारा ले, जिससे उनको मन को शांत करने की प्रेरणा मिलेगी। मिस्टर अनिकेत ने कम्प्यूटर संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित की देख-रेख में सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. निरंजन एस, डॉ. रतीस वीवी, डॉ. पीयूष माधव आदि उपस्थित रहें।

# डीएन कॉलेज में गीता जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गीता के उपदेश देते शिक्षक मौजूद छात्र-छात्रायें

बुधवार को दुर्गा नारायन महा विद्यालय फतेहगढ़ में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में गीता जयन्ती के अवसर पर मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरके गुप्ता ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी को गीता में वर्णित उपदेशों के महत्व को समझाना चाहिए। प्राचार्य मनोज गर्ग ने कहा कि गीता ग्रंथ के श्लोकों एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने महाभारत एवं गीता सार के विषय में प्रकाश डाला। शिवेन्द्र ने गीता के अध्यायों के अन्तर्गत वर्णित मुख्य श्लोकों का वाचन कर उनके महत्व को समझाया। संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता ने किया। प्रभारी डॉ. मो. अमीन की देख-रेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने भी गीता के श्लाकों का वाचन करते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया और मानव श्रृंखला में भाग लिया। गीता के मन्त्र लिखी हुई पट्टिका लेकर रैली निकाली गई। इस मौके पर डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. राम नरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# धार्मिक अनुष्ठान के साथ 19वां श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का हुआ शुभारम्भ



कथा में प्रवचन करते रामबाबू पाठक व दाताराम अग्निहोत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धार्मिक अनुष्ठान के साथ 19वां श्रीमद् भागवत महापुराण तथा श्रीराम चरित मानस यज्ञ सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिवस की कथा में भगवत वक्ता दाताराम अग्निहोत्री ने श्रीमद् भागवत का शाद्बिक अर्थ बताते हुए कहा कि जब व्यास जी ने पुराणों की रचना कर ली। तब नैमिषारण्य के 88 हजार ऋषियों के बीच सूत ऋषि आये उनको देखकर सभी ऋषि खड़े हुए और उनका आदर किया।

भागवत का अर्थ मानस से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह मानस के तीन लोग श्रीराम-लक्ष्मण और सीता पंचवटी में एकांत में पूजा पाठ में लीन होते है, वैसे ही हमारे इस पंचतत्व से बनी पंचवटी स्वरुप शरीर में तीन लोग ज्ञान, भक्ति और वैराग्य निवास करते है। ज्ञान भक्ति और वैराग्य की विस्तृत चर्चा की गई। मानस वक्ता डॉ. रामबाबू पाठक ने मनु सतरुपा का कठिन साधना और मानव सृष्टि की संरचना पर निशद चर्चा की।

उन्होंने कहा कि दस हजार वर्ष तक एक पैर पर खड़े रहकर तपष्या की। भगवान प्रकट हुए उन्होंने वरदान में मनु सतरुपा के पुत्र के रुप में आने का वरदान दिया। इस प्रकार मनु-सतरुपा की कथा सुनाई। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। परीक्षित की भूमिका महेश मिश्रा ने निभाई। व्यवस्था सर्वेश अवस्थी, उमेश मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, ऋषिपाल सिंह, अमित बाजपेयी, मैकूलाल मिश्रा, रामबाबू मिश्रा ने देखी।

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




एकल नृत्य प्रस्तुत करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों सदनों के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंशिका यादव प्रथम स्थान, छात्रा वैष्णवी वाजपेई द्वितीय स्थान तथा आकृति अग्निहोत्री तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने सभी छात्राओं के नृत्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए मार्गदर्शन किया। उप प्रधानाचार्य डॉ. अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गीता भक्ति ज्ञान के साथ-साथ मोक्ष, कल्याण का संदेश देती है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मानव श्रृंखला बनाते छात्र-छात्रायें

गीता संदेश हेतु जनपद के विद्यालयों में मानव श्रृंखला निर्माण के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भगवत गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा विभिन्न विद्यालयों में गीता जयंती के उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला आयोजित की गई। गीता के कुल अध्यायो के भक्ति ज्ञान, कर्म योग के रुप में मोक्ष कल्याण का संदेश दिया गया। कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद के नेतृत्व में गीता जयंती के उपलक्ष्य में मानव श्रृंखला निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विचार गोष्ठी में डा0 यशवंत सिंह राठौर, गजेंद्र सिंह चौहान, रमेश कुमार ने गीता के कुल अध्यायों पर प्रकाश डाला। उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ने अपनी गीता के संबंध में छात्रों को विभिन्न जानकारियां दी। बच्चों ने मानव श्रृंखला में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, रामराज, शरद सोमवंशी, किरण वर्मा, पारुल, महाराज सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में गीता जयंती पर मानव श्रृंखला बनायी गई और जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने विचार व्यक्त किये। रुपेश गुप्ता ने कहा कि गीता का अध्ययन करने की आवश्यकता है। गीता में बताये हुए मार्ग पर चलने से मानव जीवन की कठिनाइयां कम होत है। डीआईओएस ने कहा कि गीता पवित्र ग्रंथ हजारों वर्ष पूर्व लिखा गया है। गीता ग्रंथ पढ़कर हमारे देश के चरित्रवान महान ऋषियों ने पूरे संसार को नई दिशा दी। हमें चरित्रवान बनने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने घर-घर गीता का संदेश पहुंचाने का आवाह्न किया। इस दौरान डा0 संदीप चतुर्वेदी, डॉ. विनीत चौहान, रिचा तिवारी, सतेन्द्र सिंह, शैलजा कुमारी, सरिता त्रिवेदी, गुलशन जहां आदि लोग मौजूद रहे। जितेन्द्र सिंह द्वारा छात्राओं को गीता की पुस्तकें भेंट की गई।

## योग वेलनेस सेंटर में गीता पाठ के साथ हुआ हवन पूजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य आयुष सोसाइटी के अन्तर्गत संचालित योग वेलनेस सेण्टर फतेहगढ़ में गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भगवत गीता पाठ एवं मरीजों की आरोग्यता हेतु हवन किया गया। कार्यक्रम में नियमित योग चिकित्सा लेने वाले योगाभ्यासियों व दैनिक ओपीडी के रोगियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सम्मिलित योगाभ्यासियों को श्रीमद्भगवत गीता में वर्णित कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग व सात्विक आहार के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही यज्ञ चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों से कैसे बचाव किया जाये की भी जानकारी दी गयी। डॉ. सर्वेश कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं डॉ. आदित्य किशोर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की उपस्थिति में अंकुर द्विवेदी योग प्रशिक्षक एवं अमित सक्सेना योग सहायक के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की हुई अमृत वर्षा



कलश यात्रा में भाग लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा नगर कथा समित द्वारा श्रीमद भागवत कथा के आयोजन से पहले कलश यात्रा निकली गयी। यात्रा का आयोजन कथा व्याध आचार्य सुनील शुक्ल ने किया। दोपहर 2 बजे से कथा व्यास सुनील शुक्ल के मुखार बिंदु से सभी सनातनी भक्तों ने कथा का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर जिस समय माता पार्वती को कथा सुना रहे थे, उस दौरान कबूतर गुफा में मौजूद था, उसने पूरी कथा सुन ली और वह अमर हो गये। आगे चलकर वह सुखदेव बने। तब से हर कथा में कथाव्यास हमेशा ही सुखदेव की कथा का व्याख्यान करते है। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, वरुण पाण्डेय, आनंद मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, राजेश कुमार मिश्रा, सत्यम, जितेंद्र सिंह, शिवम् त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# वात्सल्य योजना के तहत शमशाबाद ब्लाक में बैठक सम्पन्न

▸ बाल विवाह कराने पर होगी सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वात्सल्य योजना की बैठक में मौजूद अधिकारी

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र के मार्गदर्शन में शमसाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खंड विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंडे में निर्धारित बिंदुओं यथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, गुड टच बैड टच की रोकथाम पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई और कहा कि सभी लोग मिलकर बाल हित में प्रभावी कार्यवाही करें और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओ जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी नंबर आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने पर जोर दिया। खंड शिक्षाधिकारी से कक्षा 5 कक्षा 8 के बाद ड्रॉप आउट हो रही बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में प्रवेश कराए जाने तथा स्कूलों में बाल विवाह, गुड टच बेड टच के संबंध में बच्चों को जागरुक करने को कहा। थाना एएचटी प्रभारी निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने मानव तस्करी के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर संजय सचान, खंड शिक्षाधिकारी वीरेंद्र सिंह, खंड चिकित्साधिकारी डॉ. कल्पना, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आफाक हुसैन, मुख्य सेविका मंजू पाल, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गीता के 18 अध्यायों में 70 श्लोकों के सूत्रवाक्य का दिया संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रवचन करते डॉ. शिवओम अम्बर मौजूद श्रोता

गीता जयंती व व्याख्यान माला के द्वितीय दिवस पर श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में डॉ. शिवओम अम्बर ने गीता के अध्यात्मिक रहस्यों में भगवान कृष्ण का मानव जीवन में गीता के 18 अध्यायों में 70 श्लोकों के सूत्रवाक्य का संदेश दिया।

काम योग, सम्भाव, भगवान का स्मरण, शरणागत होता, निषकाम भाव, कर्म करते हुए जीवन के युद्ध में भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करते है। एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश दिया और विराट स्वरुप के साथ दर्शन दिया। गीता में मानव जीवन की समस्यायें, चुनौतियां व समाधान, समाज और परिवार का मार्गदर्शन करता है। मनन और चिंतन, आचरण में लाने का मार्ग दर्शन है। गीता का नित्यपाठ करते वाले भारतीय संस्कार के सुदृण होते है। निष्कर्म के साथ सेवाकर्म, भक्ति के प्रकार, दास भक्ति, मित्र सखा भाव, प्रेम भावना भक्ति, वात्सल्य भाव भक्ति को तुलसीदास, सूर्यदाय, कबीरदास, मीरा की भक्ति का प्रसंग प्रस्तुत किये। वर्तमान में मोबाइल का प्रयोग होने के कारण युवा पीढ़ी भटक रही है, साथ ही बच्चे मोबाइल चलाकर शारीरिक व मानसिक हानि अपने आप को पहुंचा रहे है। इस मौके पर सुरेन्द्र सफ्फड़, डॉ. मनोज मल्होत्रा, पवन अग्रवाल, अशोक मिश्रा, संतोष पाण्डेय, संजय गर्ग, प्रभुदत्त मिश्रा, सुरेन्द्र पाण्डेय, अरुण जालान, जितेन्द्र अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्रों में बीच सड़क पर हुई मारपीट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाव सोतेपुर निवासी शुभम जो कायमगंज नगर में एक प्राइवेट विद्यालय का छात्र है। उसी क्लास में पढ़ रहे सुरेश से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। दोनों लोग विद्यालय में शान्त हो गये। विद्यालय की छुट्टी के बाद दोनों छात्र नगर के पुल गलिव पुलिया बस स्टेन्ड के अन्दर जाकर एक दूसर के साथ गाली- गलौज करने लगे।

देखते-देखते दोनों पक्षों के छात्रों ने अपने-अपने दोस्तों को बुलाकर जमकर बेल्टें व जूते चले। वहां पर मौजूद लोग तमाशा देखते रहे। उधर से गुजर रहे कुछ शिक्षकों ने पहुँचकर दोनों पक्षों के छात्रों को समझा बुझाकर घर भिजवाया।

# मेला रामनगरिया में अराजकतत्वों का प्रवेश वर्जित किये जाने की मांग

▸ अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के लोग

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद पाठक व जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी के नेतृत्व में मेला श्री रामनगरिया में विधर्मी एवं अराजक तत्वों के प्रवेश को वर्जित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि अपराकाशी के नाम से विख्यात मेला श्री रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी पांचाल घाट में सैकड़ो वर्षो से कल्पवासियों एवं हिंदुओं की आस्था रही। मां गंगा के तट पर श्री रामनगरिया मेला लगता आ रहा है। जिसमें विभिन्न कल्पवासियों के साथ ही विभिन्न धर्मावलंबी आदि सम्मिलित होते रहे हैं। वर्तमान की स्थिति को ध्यान में रखकर एवं पिछले वर्ष गंगा तट पर बसने वाली श्री रामनगरिया मेले में एक भयावह अग्निकांड हो गया था। जिसमें काफी जनहानि हुई थी एवं सैकड़ों कल्पवासियों को एक बड़ी दुर्घटना का सामना करना पड़ा। जिसकी रामनगरिया में बसने वाले कल्पवासियों ने घोर निंदा की थी। अग्निकांड को एक बड़ी साजिश बताया गया था। इस वर्ष पुनः मां भागीरथी के तट पर माघ मेला श्री रामनगरिया का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें सभी सनातनी कल्पवासियों ने एवं विभिन्न हिंदू संगठनों ने यह निर्णय लिया है कि पिछली बार की तरह कोई अनहोनी भविष्य में पुनः ना हो इसलिए जिला प्रशासन को अवगत किया जा रहा है कि मां गंगा के तट पर लगने वाले माघ मेले में हिंदू धर्म के अलावा अन्य धर्म के लोगों का प्रवेश वर्जित किया जाए। विभिन्न दुकानदारों की उनका आधार कार्ड एवं एक फोटो प्रशासन के पास जमा किया जाए और नेम प्लेट लगवायी जाये। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने कैंप कार्यालय के लिए जगह आवंटन हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए कहा। जिला प्रशासन ने सहमति दी। इस अवसर पर डॉ0 मनोज चतुर्वेदी, रेखा सिंह, अभिषेक मिश्रा, महेशबाबू अग्निहोत्री, सुमन राजपूत, अमन दुबे, बृजेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर प्रभारी बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रभारी बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में प्रभारी बीएसए सुरेश चन्द्र पाल को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में बैठक की।

संचालन राजकिशोर शुक्ला ने किया। ज्ञापन में दर्शाया कि शिक्षकों की लीव अनधिकृत हो जाती है अथवा समय से उपस्थित लॉक नहीं हो पाती है तो उनकी अनधिकृत अवकाश को समय रहते ठीक किया जाये और पूर्ण कर वेतन निर्गत किया जाये। पुरानी पेंशन जो विकल्प पत्र आवेदन जमा हुए थे, अक्टूबर में उन पर क्या प्रगति हुई संघ को अवगत कराकर सूची दी जाये। रसोइयों का मानदेय, परिवर्तन लागत, अतिरिक्त पोषण धनराशि प्रेषित की जाये। जिन शिक्षकों की प्रोन्नति दिसम्बर 2014 में हुई थी उनका चयन वेतन मान दिसम्बर 2024 के माह के वेतन के साथ दिलाया जाये। आंगनवाड़ी केंद्रों में एमडीएम, कर्न्वजन कास्ट आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के खाते में भेजी जा रही है, उसका पूर्ण व समय से कर्न्वजन कास्ट प्रधानाध्यापकों को नहीं मिल रही है। धनराशि तथा खाद्यान्न को प्रधानाध्यापक को दिलाने के लिए बाल विभाग पुष्टारहार विभाग को भेजा जाये। कायमगंज के ब्लाक अध्यक्ष निर्दोष गंगवार तथा प्राथमिक विद्यालय शुक्ररुल्लापुर की प्रधानाध्यापक वीना राठौर को तत्काल बहाल किया जाये, अन्यथा संघ कोई निर्णय के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# 51 सदस्यीय महिला उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद महिला मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारी

महिला उद्योग व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने अपनी 51 सदस्यीय कमेटी घोषित की। रेलवे रोड स्थित अनंत होटल के सभागार में कमेटी की घोषणा के दौरान नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने शॉल ओड़ाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया, राजू गौतम, नरेश पालीवाल, इकलाख खां, राकेश सक्सेना, विक्की अग्रवाल, अनुपम रस्तोगी, अंकुर सक्सेना, विशाल छावड़ा, सौरव शुक्ला, महेन्द्र दुबे, श्याम सुंदर गुप्ता, ममता सक्सेना, रेखा सिंह, मीरा सिंह की मौजूदगी में सोनी शुक्ला ने जिला महिला उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिना दुबे, सीता भदौरिया, तनुजा तिवारी को बनाया है। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निशा गुप्ता, शिल्पी दीक्षित, स्नेहलता, वंदना पाल, रेखा मिश्रा, प्रतिभा वर्मा बनी। संयुक्त महामंत्री गीता कटियार, मंत्री की जिम्मेदारी शालू मिश्रा, सीमा यादव, रेखा सोमवंशी, विनीता सिंह, रीता राठौर, नेहा ठाकुर, रेनू दीक्षित, आशू चौहान, कल्पना कश्यप को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी रीता राठौर को मिली। सोशल मीडिया प्रभारी लालजी श्रीवास्तव बने। जिला कार्यकारिणी सदस्य सलोनी तिवारी, गीता सिंह, वीना, मधु, राधा गुप्ता, रेखा गुप्ता, रागिनी बाथम, उमा गुप्ता, सरला सैनी, मंजू ठाकुर, निधि राजपूत, अर्चना सक्सेना, प्रीती सक्सेना, शिखा कटियार, रीता चौहान, शालिनी राठौर, ममता दीक्षित, राधा, संध्या राजपूत, दीक्षा, किरन, पूनम, रीतू, बबली शुक्ला को बनाया गया है। कायमगंज, शमशाबाद, अमृतपुर, राजेपुर, कम्पिल, नवाबगंज आदि क्षेत्रों से कोई महिला पदाधिकारी नहीं बनी। सोनी शुक्ला ने बताया कि हर क्षेत्र से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। जिन महिलाओं से सम्पर्क हुआ है उन्हे कमेटी में शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, महामंत्री हेमलता मिश्रा, कोषाध्यक्ष यशोदा सिंह ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

